श्रावण मास, कृष्ण पक्ष 1 वर्ष, अंक 94, पृष्ठ 4, मूल्य 1.00

# अखण्ड भारत सन्देश

www.akhandbharatsandesh.net


प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज सोमवार, 9 नवम्बर, 2020

विश्व निर्माण एवं मानव विकास को द्रुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान संस्थान की एक अनुपम भेंट

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज वाराणसी को देंगे 614 करोड़ रुपये की 33 परियोजनाओं की सौगात

**रविवार को कार्यक्रम के आयोजन की तैयारियों में जिले के प्रशासनिक अधिकारी लगे रहे**




**वाराणसी, जेएनएन।** इस बार दिवाली से पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपने संसदीय क्षेत्र वाराणसी को 614 करोड़ रुपये की 33 परियोजनाओं की सौगत देंगे। इसके लिए रविवार को कार्यक्रम के आयोजन की तैयारियों में प्रशासनिक अधिकारी लगे रहे और आयोजन के लिए सक्रिय दिखे। पीएम नरेंद्र मोदी ने रविवार शाम ट्वीट कर कहा कि वाराणसी की विकास यात्रा में कल एक महत्वपूर्ण अध्याय जुड़ने वाला है। सुबह 10.30 बजे वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से कई परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करूंगा। इनमें कृषि एवं पर्यटन के साथ बुनियादी सुविधाओं से जुड़े अन्य प्रोजेक्ट भी शामिल हैं।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से 9 नवंबर को सुबह 10.30 बजे वाराणसी में विभिन्न विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे। इन परियोजनाओं की कुल लागत 614 करोड़ रुपये है। आयोजन के दौरान प्रधान मंत्री इन परियोजनाओं के लाभार्थियों के साथ बातचीत भी करेंगे। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी उपस्थित रहेंगे।

उद्घाटन की जाने वाली परियोजनाओं में सारनाथ लाइट एंड साउंड शो, लाल बहादुर शास्त्री अस्पताल रामनगर का उन्नयन, सीवरेज संबंधित कार्य, गायों के संरक्षण और संरक्षण के लिए बुनियादी सुविधाओं की सुविधा, बहुउद्देशीय बीज भंडार गृह, 100 मीट्रिक टन के कृषि उपज गोदाम, आईपीडीएस चरण दो, एक आवास शामिल हैं। सम्पूणार्नंद स्टेडियम, वाराणसी शहर के स्मार्ट लाइटिंग कार्य में खिलाड़ियों के लिए, 105 आंगनवाड़ी केंद्रों और 102 गौ आश्रय केंद्र शामिल है।

आयोजन के दौरान, प्रधानमंत्री दशाश्वमेध घाट और खिड़किया घाट के पुनर्विकास, पीएसी पुलिस बल के लिए बैरक, काशी के कुछ वार्डों के पुनर्विकास, बेनियाबाग में पार्क के पुनर्विकास के साथ पार्किंग सुविधा, उन्नयन सहित परियोजनाओं का शिलान्यास भी करेंगे। गिरिजा देवी संस्कृत शंकुल में बहुउद्देश्यीय हॉल, शहर में सड़कों की मरम्मत और पर्यटन स्थलों का विकास भी कार्यक्रम में प्रस्तावित है।

## पीएम मोदी की गुजरात को सौगात, सूरत-सौराष्ट्र के बीच शुरू हुई रोपैक्स फेरी सर्विस



**सूरत, एएनआइ।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुजरात को सी-प्लेन के बाद अब फेरी सर्विस का तोह्फा दिया है। पीएम मोदी ने रविवार को वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए सूरत को सौराष्ट्र से जोड़ने वाले हजीरा-घोघा रो-पैक्स फेरी सर्विस का उद्घाटन किया। इस कार्यक्रम में गुजरात के मुख्यमंत्री विजय रूपाणी भी मौजूद रहे। इस सेवा से घोघा और हजीरा के बीच सड़क मार्ग की दूरी 375 किलोमीटर है, जो अब समुद्र के रास्ते सिर्फ 90 किलोमीटर ही रह जाएगी। यानि जिस दूरी को कवर करने में 10 से 12 घंटे का समय लगता था, अब उस सफर में 3-4 घंटे ही लगा करेंगे। इस दौरान पीएम मोदी ने कहा कि आज घोघा और हजीरा के बीच रोपैक्स फेरी सर्विस शुरू होने से सौराष्ट्र और दक्षिण गुजरात दोनों क्षेत्र के लोगों का वर्षों का इंतजार खत्म हुआ है। इस सेवा से समय तो बचेगा ही आपका खर्च भी कम होगा। इसके अलावा सड़क से ट्रैफिक कम होगा, वो प्रदूषण कम करने में भी मदद करेगा। सालभर में करीब 80 हजार गाड़ियां और करीब 30 हजार ट्रक इस नई सेवा का लाभ ले सकेंगे। इससे पेट्रोल डीजल की भी बचत होगी। पीएम ने कहा कि गुजरात के एक बड़े व्यापारिक केंद्र के साथ सौराष्ट्र की ये कनेक्टिविटी इस क्षेत्र के जीवन को बदलने वाली है। अब सौराष्ट्र के किसानों और पशुपालकों को सब्जी, फल और दूध को सूरत पहुंचाने में ज्यादा आसानी होगी। उन्होंने बताया कि सरकार के इन प्रयासों को गति देने के लिए एक और बड़ा कदम उठाया जा रहा है, अब मिनिस्ट्री ऑफ शिपिंग का नाम बदला जा रहा है, अब ये मंत्रालय मिनिस्ट्री ऑफ पोर्टस, शिपिंग एंड वॉटरवेज के नाम से जाना जाएगा।

आज गुजरात में समुद्री कारोबार से जुड़े इंफ्रास्ट्रक्चर और कैपेसिटी बिल्डिंग पर तेजी से काम चल रहा है। आज देश भर की समुद्री सीमा में पोर्ट्स की कैपिसिटी को भी बढ़ाया जा रहा है। नए पोर्ट्स का भी तेजी से निर्माण हो रहा है। देश के पास करीब 21 हजार किमी का जो जलमार्ग है, वो अधिक से अधिक कैसे देश के काम आए, इसके लिए प्रयास किए जा रहे हैं।

## मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा- ब्लॉक, थाना और तहसील पर ही निपटे जनता की शिकायतें



**लखनऊ [राज्य ब्यूरो]।** उत्तर प्रदेश में जन शिकायतों के निस्तारण की निगरानी मुख्यमंत्री कार्यालय से लगातार हो रही है। अब मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने निर्देश दिए हैं कि आम जनता की शिकायतों का निस्तारण ब्लॉक, थाना और तहसील स्तर पर ही हो जाना चाहिए। जवाबदेही तय कर लापरवाही बरतने वाले कार्मिकों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। सीएम योगी ने अधिकारियों से कहा कि राज्य सरकार जनता की समस्याओं के त्वरित और प्रभावी निस्तारण के लिए प्रतिबद्ध है और इसमें किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को अपने सरकारी आवास पर आयोजित बैठक में जन शिकायतों के निस्तारण के संबंध में मुख्य सचिव आरके तिवारी और पुलिस महानिदेशक हितेशचंद अवस्थी को निर्देश दिए। सीएम योगी ने कहा कि ब्लॉक, थाना और तहसील स्तर के कार्यालयों में सभी अधिकारियों-कर्मचारियों की समय से उपस्थिति सुनिश्चित की जाए। वह कार्मिक आम आदमी की समस्याओं का निस्तारण कैसे कर रहे हैं, इसकी निगरानी भी की जाए। आम जनता की अधिकतर समस्याएं इन्हीं तीन स्तरों से संबंधित होती हैं, अतः इन कार्यालयों की कार्यशैली में आमूल-चूल परिवर्तन दिखना चाहिए, ताकि जनता को राहत मिल सके। इसमें लापरवाही बरतने वाले कार्मिकों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि इन सभी कार्यालयों में ऑनलाइन प्रार्थना पत्र देने की व्यवस्था करें। जनता की समस्याओं के समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों की जवाबदेही तय होनी चाहिए। लापरवाह कार्मिकों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। सीएम योगी ने अधिकारियों से कहा कि राज्य सरकार जनता की समस्याओं के त्वरित और प्रभावी निस्तारण के लिए प्रतिबद्ध है और इसमें किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

## कई मुश्किल हालातों से जूझकर बाइडन ने पाई राष्ट्रपति पद की मंजिल



**नई दिल्ली (ऑनलाइन डेस्क)।** डेमोक्रेटिक पार्टी के प्रत्याशी जो बाइडन अब अब अमेरिका के नव-निर्वाचित राष्ट्रपति तय हो गए हैं। उन्होंने बड़े अंतर के साथ रिपब्लिकन पार्टी के प्रत्याशी डोनाल्ड ट्रंप को शिकस्त दी है। बाइडन ने ये मुकाम तीसरी बार में जाकर हासिल किया है। इससे पहले दो बार (1988 और 2008 में) उन्होंने राष्ट्रपति चुनाव में हार का सामना करना पड़ा था। 1984 के राष्ट्रपति चुनाव में भी उन्होंने अपनी किस्मत आजमाने की कोशिश की थी लेकिन उस वक्त उन्होंने अपने कागजात जमा नहीं किए थे। इसके अलावा 2015 में भी वो खुद ही राष्ट्रपति चुनाव की रेस से बाहर हो गए थे। आपको बता दें कि बाइडन महज 29 वर्ष की उम्र में सीनेट के लिए चुने गए थे। बतौर सीनेटर बाइडेन छह बार सीनेट के लिए चुने गए। वो देश के पांचवें सबसे कम उम्र के सीनेटर थे। अब 48 वर्ष के बाद वो देश के राष्ट्रपति बनेंगे। बाइडन का सियासी सफर काफी दिलचस्प रहा है। वो देश के उप राष्ट्रपति रहे हैं। उन्होंने कई मौकों और मुश्किल घड़ी में अपने अनुभव का इस्तेमाल किया है।

इस बार का राष्ट्रपति चुनाव कई मायनों में ऐतिहासिक रहा है। अमेरिका के 120 वर्षों के इतिहास में ऐसा पहली बार हुआ है जब किसी प्रत्याशी को इतने अधिक वोट हासिल हुए हों। अमेरिका के इतिहास में पहली बार देश को एक महिला उपराष्ट्रपति मिलने वाली है। वहां बसे भारतीय मूल के लोगों के लिए ये पल वास्तव में गौरवांवित करने वाला है।

आपको बता दें कि अमेरिका में ये चुनाव ऐसे समय में हुआ था जब वहां पर लगातार कोविड-19 के मामले एक लाख को भी पार कर चुके हैं। आपको बता दें कि जो बाइडन ने एक संस्मरण 'प्रॉमिसेज टू कीप' में लिखा है कि उन्हें अपने दादा से राजनीति का ककहरा सीखा था। डेलावेयर उनकी कर्मभूमि बना और यहां से ही उन्होंने राजनीति की सीढ़िया चढ़नी शुरू की। बाइडन के भारत से संबंधों की बात करें तो उनहोंने दोनों देशों के बीच हुई परमाणु संधि में एक अहम भूमिका निभाई थी। वो भारत को अमेरिका का एक स्वाभाविक साझेदार भी बता चुके हैं। उनका कहना है कि भारत उनकी जरूरत है। गौरतलब है कि बाइडन ने भले ही जीत हासिल कर ली है लेकिन उनकी इस जीत और उनके निर्वाचित होने का एलान 6 जनवरी 2021 को किया जाएगा। इसका एलान उप-राष्ट्रपति माइक पेंस करेंगे। 20 जनवरी को वो औपचारिक रूप से व्हाइट हाउस से सत्ता संभाल लेंगे। बाइडन को मिली इस धमाकेदार जीत के बाद उनका ट्विटर प्रोफाइल भी बदल गया है। अब इस पर निर्वाचित राष्ट्रपति लिखा गया है। उनको इस चुनाव में 270 से अधिक इलेक्टोरल कॉलेज के वोट हासिल हुए हैं। हालांकि मौजूदा राष्ट्रपति ट्रंप ने इस चुनाव में धांधली का आरोप लगाया है। जहां तक उनकी पर्सनल लाइफ का सवाल है तो वो काफी उतार-चढ़ाव वाली रही है। 1972 में जब वो पहली बार सीनेटर चुने गए तभी एक सड़क हादसे में उनकी पत्नी और नवजात बेटी की मौत हो गई थी और एक बेटा बुरी तरह से घायल हो गया था। वर्ष 2015 में उनके बेटे का भी देहांत हो गया था। जब ये हादसा हुआ उस वक्त बाइडन अमेरिका के उप-राष्ट्रपति थे। 1988 में बाइडन को लकवा मार गया जिससे पार पाने के लिए उन्हें कड़ा संघर्ष करना पड़ा था। इसी दौरान हुए चुनाव में वो साहित्य चोरी के एक मामले में ऐसे घिरे कि उन्हें चुनाव में हार का सामना करना पड़ा था। नशीला पदार्थ लेने की वजह से उनके एक बेटे को नौसेना की नौकरी से निकाल दिया गया था।

## भारत-चीन के बीच जल्द खत्म हो सकता है गतिरोध

**टकराव वाले कुछ स्थानों से पीछे हट सकते हैं दोनों देशों के जवान**



**नई दिल्ली, जेएनएन।** भारत और चीन के बीच पूर्वी लद्दाख में वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर छह महीने से ज्यादा समय से जारी गतिरोध जल्द खत्म हो सकता है। दोनों देशों के बीच कोर कमांडर स्तर के आठवें दौर की बातचीत के दौरान गतिरोध खत्म होने के संकेत मिले। रक्षा सूत्रों ने बताया कि दोनों देशों के सैनिक अगले कुछ दिनों में टकराव वाले कुछ स्थानों से पीछे हट सकते हैं। इसका तौर-तरीका तय करने के लिए दोनों पक्षों के बीच बातचीत जारी है।

हालांकि, भारत इस मामले में सावधानी पूर्वक आगे बढ़ रहा है, क्योंकि उसका मानना है कि बातचीत और समझौते को जमीनी स्तर पर लागू किया जाना चाहिए। दोनों देशों ने रविवार को संयुक्त बयान जारी कर कोर कमांडर स्तर की आठवें दौर की बातचीत के बारे में जानकारी दी है। इसमें कहा गया है कि चुशुल सेक्टर में दोनों पक्षों के बीच बहुत ही खुल कर, विस्तार से और सकारात्मक बातचीत हुई है।


सूत्रों की मानें तो इस बात पर सहमति बनी है कि सैन्य बलों की तरफ से संयम बरतने और एक दूसरे के साथ गलतफहमी को दूर करने को लेकर दोनों देशों के शीर्ष नेताओं के बीच बनी सहमति को लागू किया जाना चाहिए। दोनों पक्ष सैन्य व कूटनीतिक स्तर पर बातचीत आगे भी जारी रखने को तैयार हैं। बीजिंग और नई दिल्ली में जारी बयान में कहा गया कि दोनों पक्षों ने सैन्य एवं राजनयिक माध्यमों से वार्ता एवं संवाद बनाए रखने और पुराने मसलों के समाधान के लिए वार्ता को आगे बढ़ाने पर सहमति जताई।

उल्लेखनीय है कि भारतीय सेना और चीन की पीपुल्स लिबरेशन आर्मी (पीएलए) के बीच चुशुल में शुक्रवार को आठवें दौर की वार्ता हुई थी। यह वार्ता करीब साढ़े 10 घंटे चली थी। वार्ता में दोनों देशों की सेनाओं ने जल्द ही पुनः मुलाकात करने पर सहमति जताई थी। माना जा रहा है कि आगामी बातचीत में कोई बड़ा फैसला हो सकता है। चूंकि एलएसी पर कुछ दिनों में जबर्दस्त बर्फबारी होने वाली है। ऐसे में सैनिकों की वापसी एक बड़ा कदम मानी जा रही है।

वैसे दोनों देशों ने रविवार को संयुक्त बयान जारी कर कोर कमांडर स्तर की आठवें दौर की बातचीत के बारे में जानकारी देते हुए इसे सकारात्मक बताया है। दोनों पक्षों का कहना है कि चुशुल सेक्टर में बहुत ही खुल कर, विस्तार से बातचीत हुई है। दोनो पक्ष इस पर भी सहमत हैं कि सैन्य बलों की तरफ से संयम बरतने और एक दूसरे के साथ गलतफहमी दूर करने को लेकर दोनों देशों के शीर्ष नेताओं के बीच बनी सहमति को लागू किया जाए।

बता दें कि पूर्वी लद्दाख के विभिन्न पहाड़ी इलाकों में करीब 50 हजार भारतीय सैनिक शून्य से भी नीचे तापमान में युद्ध की उच्च तैयारी के साथ मुस्तैदी से तैनात हैं। चीन ने भी लगभग इतने ही सैनिकों को मोर्चे पर तैनात कर रखा है। सूत्रों ने बताया कि भारतीय सेना ने वार्ता के दौरान पूर्वी लद्दाख में टकराव वाली सभी जगहों से चीनी सैनिकों की जल्द से जल्द वापसी पर जोर दिया। भारत पहले ही साफ कर चुका है कि वह एलएसी में कोई बदलाव स्वीकार नहीं करेगा।

## असम सीमा से अपने सुरक्षा बल हटाएगा मिजोरम, बीएसएफ होगी तैनात, राजमार्ग खोला जाएगा



**आइजल, एजेंसियां।** असम सीमा पर बने गतिरोध को दूर करने के लिए मिजोरम जल्द ही अपने सुरक्षा बल की पहली टुकड़ी वहां से हटाएगा। उसके स्थान पर केंद्र सरकार के सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) की तैनाती होगी। यह निर्णय केंद्रीय गृह सचिव अजय कुमार भल्ला के साथ हुई असम और मिजोरम के मुख्य सचिवों की बैठक में लिया गया।

बैठक में बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में मिजोरम के मुख्य सचिव लालनुनमाविया चुआंगो ने कहा, सर्वसम्मत फैसले के तहत मिजोरम असम सीमा से अपनी सुरक्षा टुकड़ी हटाएगा। इसके साथ ही असम की तरफ से राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 306 पर लगाई गई रुकावट हटाई जाएगी। संभावना है कि राजमार्ग पर वाहनों का आवागमन रविवार देर शाम या सोमवार को शुरू हो जाएगा। असम के कछार जिले के लैलापुर और अन्य गांवों के लोगों ने 28 अक्टूबर से मिजोरम की आर्थिक नाकेबंदी भी कर रखी है। इससे पहले से राष्ट्रीय राजमार्ग रुका हुआ है। असम के लोगों का आरोप है कि मिजोरम ने असम की जमीन पर कब्जा कर रखा है और वहां पर सुरक्षा बलों की तैनाती कर दी है। विवाद की शुरूआत 17 अक्टूबर को तब हुई थी जब कुछ असामाजिक तत्वों ने सीमा पर बनी झोपड़ियों और अन्य अस्थायी निमार्णों को तोड़ दिया था। इसी के बाद राजमार्ग को रोक दिया गया था।

मिजोरम के मुख्य सचिव ने बताया कि रविवार को हुई वर्चुअल मीटिंग का एजेंडा सुरक्षा बलों को हटाना और राजमार्ग को शुरू करवाना था, जिस पर हमारी सहमति बन गई है। विवाद के अन्य बिंदुओं पर वार्ता चलती रहेगी। विवादित इलाके में बीएसएफ की तैनाती रहेगी और वह दोनों ओर के लोगों की गतिविधियों पर नजर रखेगी। एनएच 306 मिजोरम की लाइफलाइन है और इसके जरिये ही उसे वस्तुओं की आपूर्ति होती है। सामान की आपूर्ति रुक जाने से राज्य में कई वस्तुओं की किल्लत पैदा हो गई है। मिजोरम पड़ोसी राज्य त्रिपुरा और मणिपुर से सामान मंगवा रहा है, लेकिन गतिरोध ज्यादा दिनों तक चलने पर वह पड़ोसी देश बांग्लादेश और म्यांमार से सामान मंगवाने के विकल्प पर भी विचार कर रहा है। इस बीच कांग्रेस ने कहा है कि असम के सीमावर्ती इलाकों के किसान मिजोरम के लोगों के अत्याचार के शिकार हैं, उन्हें अपनी सुरक्षा के लिए मिजोरम के लोगों को रंगदारी चुकानी पड़ रही है।

## कंप्यूटर बाबा के आश्रम पर चला बुलडोजर



**इंदौर, जेएनएन।** मप्र के इंदौर में प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई करते हुए नामदेव दास त्यागी उर्फ कंप्यूटर बाबा द्वारा किया गया अतिक्रमण हटाया जा रहा है। वहीं पुलिस अधिकारियों की टीम सुबह से ग्राम जमूडी हपसी में कार्रवाई कर रही है। इसके साथ ही बाधा उत्पन्न करने पर कंप्यूटर बाबा को हिरासत में लिया गया है। वहीं प्रशाशन की इस कार्रवाई का मप्र के पूर्व सीएम दिग्विजय सिंह ने निंदा की है।

दरअसल रविवार सुबह से ही इंदौर कलेक्टर मनीष सिंह के निर्देशन पर एडीएम अजय देव शर्मा और अन्य एसडीएम तथा पुलिस अधिकारी की टीम इंदौर के जमुई हपसी में सुबह से ही कंप्यूटर बाबा के द्वारा किए गए अतिक्रमण हटाने में लगी है। वहीं क्षेत्र में बड़ी संख्या में पुलिस बल भी मौके पर मौजूद है। साथ ही गांधीनगर पुलिस थाना क्षेत्र के अंतर्गत यह कार्रवाई की जा रही है। अतिक्रमण हटाने से पूर्व सभी सामान सुरक्षित ढंग से निकाला गया है। वहीं कार्यवाही में बाधा उत्पन्न किए जाने पर कंप्यूटर बाबा को हिरासत में लिया गया है।

इंदौर में बदले की भावना से बाबा का आश्रम व मंदिर बिना किसी नोटिस दिए तोड़ा जा रहा है। यह राजनैतिक प्रतिशोध की चरम सीमा है। मैं इसकी निंदा करता हूँ। बता दें कि ग्राम जमूडी हपसी तहसील हातोद के अंतरगत नामदेव दास त्यागी कंप्यूटर बाबा द्वारा शासकीय भूमि में दो एकड़ भूमि पर अनअधिकृत रूप से कब्जा किया गया है। मौके पर मौजूद अधिकारियों ने बताया कि राजस्व प्रशासन द्वारा इनके विरुद्ध दो हजार रुपये का अर्थदंड आरोपित करते हुए शासकीय भूमि के अनाधिकृत कब्जे से बेदखल किए जाने का आदेश पारित किया गया था।

## अर्नब गोस्वामी को स्कूल से तलोजा जेल शिफ्ट किया गया



**मुंबई, प्रेट्र।** इंटीरियर डिजाइनर को कथित रूप से आत्महत्या के लिए उकसाने के मामले में गिरफ्तार रिपब्लिक टीवी के प्रधान संपादक अर्नब गोस्वामी को रविवार को महाराष्ट्र के रायगढ़ स्थित तलोजा जेल शिफ्ट कर दिया गया। पहले उनको अलीबाग जेल के लिए एक स्कूल में बनाए गए कोरोना केंद्र में रखा गया था। एक पुलिस अधिकारी ने कहा कि अर्नब को न्यायिक हिरासत के दौरान मोबाइल फोन का इस्तेमाल करते पाया गया। इसके बाद उन्हें तलोजा जेल शिफ्ट कर दिया गया। अधिकारी ने बताया कि चार नवंबर को जब अर्नब को न्यायिक हिरासत में जेल भेजा गया था, तो उनसे उनका मोबाइल फोन ले लिया गया था। लेकिन, पुलिस ने पाया कि वे किसी अन्य का मोबाइल फोन लेकर इंटरनेट मीडिया पर सक्रिय हैं। पुलिस वाहन से तलोजा जेल भेजे जाने के दौरान अर्नब ने चिल्लाकर कहा कि शनिवार शाम अलीबाग के जेलर ने उन पर हमला किया। उन्होंने कहा कि उनकी जिंदगी खतरे में है और उन्हें उनके वकील से भी बात करने नहीं दिया जा रहा है। इस बीच, अर्नब की पत्नी सम्यब्रत राय गोस्वामी ने एक बयान जारी कर कहा कि उनके पति चार रातें न्यायिक हिरासत में गुजार चुके हैं। उनको तलोजा जेल ले जाते समय पुलिस द्वारा घसीटा गया। वे बार-बार कह रहे थे कि उनकी जान खतरे में है। लेकिन, किसी ने ध्यान नहीं दिया।

बांबे हाईकोर्ट से अर्नब गोस्वामी को शनिवार को जमानत नहीं मिली। दोनों पक्षों को सुनने के बाद हाईकोर्ट ने फैसला सुरक्षित रख लिया। पीठ ने कहा था कि वह हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश से विचार-विमर्श के बाद फैसला सुनाएगी। इस बीच सभी पक्ष सत्र न्यायालय में जाने के लिए स्वतंत्र हैं। पीठ ने सभी पक्षों को चेताया था कि यदि आज बहस पूरी नहीं हुई तो यह मामला दिवाली की छुट्टियों के कारण 23 नवंबर तक अटक सकता है। हालांकि, हाई कोर्ट में दिवाली की छुट्टियां सोमवार से शुरू हो रही हैं। लेकिन, चूंकि बहस पूरी हो चुकी है, इसलिए माना जा रहा है कि पीठ मुख्य न्यायाधीश से विमर्श करके दिवाली से पहले ही फैसला सुना देगी।

## संक्षेप समाचार

### 15 तक आवेदन करने वाले वकीलों को ही आर्थिक मदद

**प्रयागराज।** यूपी बार कौंसिल कोरोना पीड़ित उन्हीं वकीलों को आर्थिक सहायता देगा, जिनके आवेदन बार कौंसिल को 15 नवंबर तक मिल जाएंगे। इसके बाद के आवेदनों पर विचार नहीं किया जाएगा। यह निर्णय श्रीनाथ त्रिपाठी की अध्यक्षता में शनिवार को हुई बार कौंसिल की नियम 40 समिति की बैठक में लिया गया। बैठक में सदस्य अजय यादव और अखिलेश अवस्थी भी उपस्थित रहे। समिति के पदेन अध्यक्ष श्रीनाथ त्रिपाठी के अनुसार बैठक में पूर्व ?में लिए गए निर्णय को पुनरीक्षित करते हुए कोरोना पीड़ित वकीलों को आर्थिक सहायता देने का फैसला लिया गया। तय किया गया कि जिन लोगों के आवेदन 15 नवंबर तक प्राप्त हो जाएंगे, उन्हें ही 25 हजार रुपये की आर्थिक सहायता सीधे अधिवक्ता के बैंक खाते में दी जाएगी।

बार कौंसिल ने सुप्रीम कोर्ट द्वारा मांगा गया अधिवक्ताओं के ब्यौरा भेजने की अंतिम तिथि 15 नवंबर तक बढ़ा दी है।

# अज्ञात वाहन की चपेट में आए ईंट भट्ठा मुंशी की मौत

## साइकिल से घर वापस लौटने के दौरान श्रृंगवेरपुर रोड पर हुआ हादसा

### घटना को अंजाम देने वाला अज्ञात वाहन अंधेरे में मौके से हुआ फरार



घर पर शव पहुंचने के बाद रोते बिलखते परिजन व इनसेट में मृतक की फाइल फोटो

**लालगोपालगंज।** ईट भट्ठा पर मुंशी का काम पूरा करने के बाद साइकिल से घर वापस लौट रहे युवक को अज्ञात वाहन ने रौंद दिया। सड़क पर मृत पड़े युवक को लोगों ने देख घटना की सूचना स्थानीय पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक की पहचान कर घटना की सूचना परिजनों को दी। घटनास्थल पर लोगों की भीड़ जुट गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

लालगोपालगंज के कासिमपुर झरहा गांव निवासी राजेश कुमार सरोज उर्फ राजू मुंशी लालगोपालगंज के समीप प्रतापगढ़ जनपद के बेधन गोपालपुर गांव के एक ईंट भट्ठा पर मुंशी का काम करता था। रोज की तरह बीती रात साइकिल से अपने घर लौट रहा था। कठौआ पुल के समीप श्रृंगवेरपुर रोड पर साइकिल सवार राजेश पहुंचा ही था कि किसी अज्ञात वाहन ने उसे कुचल दिया। जिसकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। राहगीरों ने घटना की सूचना स्थानीय पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक की पहचान कर परिजनों को घटना की जब सूचना दी तो घर में कोहराम मच गया। आसपास के लोग घटनास्थल पर जमा हो गए। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। रविवार को दोपहर लगभग 3:30 बजे शव के घर पहुंचते ही परिजन में मातम पसर गया। बेटे की मौत पर जहां माता राजपति बेसुध हो जा रही थी। वहीं पति के गम में पत्नी अंजू देवी दहाड़े मार-मार कर रो रही थी। राजेश छह भाई और एक बहन में सबसे बड़ा था। मृतक राजेश की केवल चार बेटियां ही हैं। जिनमें मासूम श्रेया, सौम्या सेजल के साथ एक माह की छोटी बिटिया है। रविवार को शव का श्रृंगवेरपुर घाट पर अंतिम संस्कार कर दिया गया।

### वेंडिंग जोन में 30% महिलाओं की होगी भागीदारी

**प्रयागराज।** वेंडिंग जोन में पुरुषों के साथ ही महिला दुकानदर भी दुकानें लगाकर सामान बेचती नजर आएंगी। यहां 30 प्रतिशत महिला दुकानदारों की भागीदारी होगी। नगर निगम को इसका अनुपालन करना होगा। इस संबंध में शासन की ओर से गाइडलाइन जारी कर महिलाओं को प्राथमिकता के आधार पर लोन मंजूर करने को कहा गया है। पीएम स्वनिधि योजना के तहत नगर निगम को शहरी क्षेत्र में करीब 58 हजार पटरी दुकानदारों को दस-दस हजार रुपये का लोन देकर उन्हें वेंडिंग जोन में जगह देनी है। शहर के विभिन्न क्षेत्रों में 29 स्थानों पर वेंडिंग जोन अब तक चिह्निद्दत किए जा चुके हैं। नगर निगम अब तक 25 हजार लोगों का रजिस्ट्रेशन कराकर करीब 11 हजार लोगों को लोन दे चुका है। अब तक जितने लोगों को लोन दिया गया है उनमें महिलाओं की भागीदारी दस प्रतिशत से कम है। शासन की ओर से जारी निदेर्शों के तहत महिलाओं को प्राथमिकता के आधार पर लोन देना है। यह भी कहा गया है कि जिस व्यक्ति या महिला के नाम पर लोन जारी होगा उसे ही वेंडिंग जोन में परिचय पत्र के साथ दुकान पर बैठना होगा।

# छोटे-छोटे बदलाव से जीवन हो जाता है सुखमय : डा. दिनेश

### रामपुर चाड़ी स्थित श्रीसुंमगलम के आठवें स्थापना दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन

**नैनी।** अगर भारत के गांवों, शहरों और मानव जीवन में सुमंगलम की कार्य पद्धति को लागू कर दिया जाए तो वह विश्वगुरु के रूप में स्थापित हो जाएगा। यह कहना था डा. दिनेश का, जो रविवार को औद्योगिक क्षेत्र के चांड़ी रामपुर स्थित श्री सुमंगलम् के आठवें स्थापना दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रुप में बोल रहे थे। अखिल भारतीय ग्राम विकास प्रमुख (राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ) डा. दिनेश सुमंगलम् सेवा न्यास के आग्रह पर यहां पहुंचे थे। उन्होंने भारतीय संस्कृति की धार्मिक परंपराओं और महत्वों को मानव जीवन से जोड़ते हुए विश्व कल्याण की बात कही। उन्होंने कहा कि अगर मनुष्य अपने जीवन में छोटी-छोटी बातों को लागू करें तो उसका जीवन सुखमय हो जाएगा। हमें किसी बहुत बड़े कार्य को संकल्प लेने के लिए केवल एक छोटी प्रतिज्ञा लेनी पड़ेगी और उस प्रतिज्ञा के माध्यम से ही हम किसी भी बड़े कार्य को पूरा कर सकते हैं। कार्यक्रम में छोटे-छोटे बच्चों द्वारा प्रस्तुत गीत और देशभक्ति नृत्य को देख उपस्थित दर्शक भाव विभोर हो उठे। मंडलायुक्त आर रमेश ने बताया कि ऐसे कार्यों से सही में देश का कार्य होता है। पुलिस महानिरीक्षक कवींद्र प्रताप सिंह ने संस्था के कार्यों को देखकर सर्वे भवंतु सुखिनः जैसे मंत्र पढ़ते हुए कहा कि वास्तव में इस मंत्र का अर्थ आज समझ में आता है। कार्यक्रम को देखकर अभिभूत भाजपा के काशी और गोरक्ष संयुक्त संगठन मंत्री रत्नाकर ने भी मुक्त कंठ से प्रशंसा की।

### युवती की तलाश में अलीगढ़ पुलिस का छापा आईजी को कॉल की

**प्रयागराज।** अलीगढ़ से लापता हुई एक युवती की तलाश में शनिवार रात अलीगढ़ पुलिस ने राजरूपपुर में छापेमारी की। पुलिस को देख युवती के प्रेमी ने आईजी को कॉल कर दिया। कहा कि उसकी जान को खतरा है। आईजी के निर्देश पर पहुंची पुलिस ने छानबीन की तो पता चला कि लड़की बालिग है और उसने प्रेम विवाह कर लिया है। पुलिस ने बताया कि अलीगढ़ जिले के रामनगर का शिवकुमार इलाके की युवती से प्रेम करता था। दोनों बालिग हैं। कुछ दिनों पहले दोनों ने घर से भागकर कोर्ट मैरिज कर ली। इसके बाद पुलिस से बचने के लिए प्रयागराज आ गए। उधर युवती का पता न चलने पर उसके परिजनों ने अलीगढ़ में एफआईआर दर्ज करा दी। धूमनगंज पुलिस ने बताया कि शनिवार रात अलीगढ़ पुलिस युवती की तलाश में राजरूपपुर पहुंची। पुलिस को देखकर प्रेमी युगल ने गेट नहीं खोला और बचाव के लिए आईजी के नंबर पर कॉल कर दी। फोन करके बोला कि रात में पुलिस पकड़ने आई है, जबकि उन्होंने कोर्ट में शादी कर ली है। आईजी के निर्देश पर धूमनगंज पुलिस भी पहुंच गई। पूछताछ में युवती ने अपने बालिग होने का सर्टिफिकेट दिया और शादी करने का प्रमाण भी। रविवार को अलीगढ़ पुलिस लौट गई।

# कार्तिक के दूसरे रविवार को सुजावन देव यमुना घाट पर उमड़ा स्नानार्थियों का रेला





सुजावन देव यमुना घाट पर स्नान के बाद पूजा अर्चना करते श्रद्धालु

**घूरपुर।** कार्तिक के दूसरे रविवार को घूरपुर के सुजावन देव यमुना घाट पर के श्रद्धालुओ का जन सैलाब उमड़ा यमुना में पुन्य की डुबकी लगा पूजा अर्चना दीपदान कर सुजावन देव मंदिर स्थित भगवान शिव की दर्शन कर दान दक्षिणा कर मोक्ष की कामना की।घाट पर दूसरे रविवार को भी अव्यवस्थाओ का बोलबाला रहा।

कार्तिक मास में यमुना स्नान का विशेष महत्व है। कार्तिक मास के द्वितीय रविवार के दिन स्थानीय क्षेत्र सहित बारा, करछना तहसील के अंतर्गत हजारो श्रद्धालु यमुना स्नान के लिए भोर चार बजे से ही ऐतिहसिक धार्मिक आस्था के केंद्र सुजावन देव यमुना घाट पर श्रद्धा का सैलाब उमड़ने लगा जो दोपहर तक चलता रहा। हजारो श्रद्धालुओ ने यमुना में पुन्य की डुबकी लगा पूजा अर्चना दीपदान कर सुजावन देव मंदिर स्थित भगवान शिव की दर्शन कर दान दक्षिणा किया। कोरोना काल के चलते इस बार दुकाने नहीं सजी थी। फिर भी कोरोना पर आस्था भारी पड़ा। सुजावन देव मंदिर के पुजारी ज्ञान भारथी ने बताया की लगभग दस हजार से अधिक श्रद्धालुओ ने स्नान किया।

# 499 साल बाद दीपावली पर बन रहा ये दुर्लभ संयोग

## इन राशियों की बदलेगी चाल, दिखेगा ग्रहों का अद्भुत खेल, किन्हें लाभ और किसे होगा नुकसान



**जसरा।** इस दिवाली ग्रहों का बड़ा खेल देखने को मिलेगा। 499 वर्ष बाद दुलर्भ संयोग बन रहा है। तंत्र पूजा के लिए दीपावली पर्व को विशेष माना जाता है। इस वर्ष 14 नवंबर, दिन शनिवार को दिवाली तिथि पड़ी है। ज्योतिष विशेषज्ञों की मानें तो सन 1521 के 499 साल बाद ग्रहों का दुलर्भ योग देखने को मिलेगा। दरअसल, 14 नवंबर को देश भर में दीपावली में गुरु ग्रह अपनी राशि धनु में और शनि अपनी राशि मकर में रहेंगे। वहीं, शुक्र ग्रह कन्या राशि में नीच रहेगा। इन तीनों ग्रहों का यह दुर्लभ योग वर्ष 2020 से पहले सन 1521 में 9 नवंबर को देखने को मिला था। इसी दिन उस वर्ष दीपोत्सव मनाई गई थी।

**क्या होगा लाभ**

जैसा कि ज्ञात हो गुरु और शनि आर्थिक स्थिति को मजबूत करने वाले ग्रह माना गया है। ऐसे में यह दीपावली आपके लिए कई शुभ संकेत लेकर आया है।

**दीपावली का शुभ मुहूर्त**

आचार्य अखिलेश शुक्ल के अनुसार 14 नवंबर को चतुर्दशी तिथि पड़ रही है जो दोपहर 1:16 तक रहेगी। इसके बाद अमावस्या तिथि का आरंभ हो जाएगा जो 15 नवंबर की सुबह 10:00 बजे तक रहेगी. हालांकि, 15 तारीख को केवल स्नान दान की अमावस्या की जाएगी। गौरतलब है कि लक्ष्मी पूजा संध्याकाल या रात्रि में दिवाली में की जाती है।

दिवाली में मां लक्ष्मी के साथ-साथ श्री यंत्र की पूजा की जाती है। ज्योतिष विशेषज्ञ पंडित राधेश्याम पाठक की मानें तो इस दीपावली गुरु धनु राशि में रहेगी ऐसे में श्री यंत्र की पूजा रात भर कच्चे दूध से करना लाभदायक हो सकता है। इधर, शनि अपनी मकर राशि में विराजमान रहेगें। इस दिन अमावस्या का योग भी है। ऐसे में तंत्र-यंत्र की पूजा करना इस दिन लाभदायक होगा।

**दिवाली पर इन्हें भी पूजें**

दिवाली पर केवल महालक्ष्मी की ही नहीं बल्कि साथ ही साथ भगवान विष्णु की पूजा अर्चना भी श्रद्धा पूर्वकर की जानी चाहिए, तब ही मां प्रसन्न होती है। इसके अलावा इस दिन यमराज, चित्रगुप्त, कुबेर, भैरव, हनुमानजी, कुल देवता व पितरों का भी श्रद्धा पूर्वक पूजना चाहिए।

**दिवाली पर पढ़े ये पाठ**

दिवाली में श्री सूक्त का पाठ जरूर करें। साथ ही साथ विष्णु सहस्त्रनाम, गोपाल सहस्त्रनाम आदि का पाठ भी आपके ग्रह-नक्षत्रों के लिए बेहद शुभ साबित हो सकता है।

**दोनों दिवाली एक ही दिन**

इस बार दोनों दिवाली एक ही दिन मनायी जाएगी। कार्तिक मास की त्रयोदशी से भाईदूज तक दिवाली का त्योहार मनाया जाता है. लेकिन, इस बार छोटी और बड़ी दिवाली एक ही दिन पड़ रही है। आपको बता दें कि कार्तिक मास की त्रयोदशी इस वर्ष 13 नवंबर को और छोटी व बड़ी दिवाली 14 नवंबर को है।

**दीपावली पूजन विधि**

पूजा वाली चौकी लें। उस पर साफ कपड़ा बिछाकर मां लक्ष्मी, सरस्वती व गणेश जी की प्रतिमा को विराजमान करें। मूर्तियों का मुख पूर्व या पश्चिम की तरफ होना चाहिए। अब हाथ में थोड़ा गंगाजल लेकर उनकी प्रतिमा पर इस मंत्र का जाप करते हुए छिड़कें। ऊँ अपवित्रः पवित्रो वा सर्वावस्थां गतोपि वा। यः स्मरेत पुण्डरीकाक्षं सः वाह्याभंतरः शुचिः।। जल अपने आसन और अपने आप पर भी छिड़कें। - इसके बाद मां पृथ्वी माता को प्रणाम करें और आसन पर बैठकर हाथ में गंगाजल लेकर पूजा करने का संकल्प लें। इसके बाद एक जल से भरा कलश लें, जिसे लक्ष्मी जी के पास चावलों के ऊपर रखें। कलश पर मौली बांधकर ऊपर आम का पल्लव रखें। साथ ही उसमें सुपारी, दूर्वा, अक्षत, सिक्का रखें। अब इस कलश पर एक नारियल रखें। नारियल लाल वस्त्र में इस प्रकार लपेटें कि उसका अग्रभाग दिखाई देता रहे. यह कलश वरुण का प्रतीक है। अब नियमानुसार सबसे पहले गणेश जी की पूजा करें फिर लक्ष्मी जी की अराधना करें। इसी के साथ देवी सरस्वती, भगवान विष्णु, मां काली और कुबेर की भी विधि विधान पूजा करें। पूजा करते समय 11 या 21 छोटे सरसों के तेल के दीपक और एक बड़ा दीपक जलाना चाहिए। एक दीपक चौकी के दाईं ओर एक बाईं ओर रखना चाहिए। भगवान के बाईं तरफ घी का दीपक जलाएं और उन्हें फूल, अक्षत, जल और मिठाई अर्पित करें। अंत में गणेश जी और माता लक्ष्मी की आरती उतार कर भोग लगाकर पूजा संपन्न करें। जलाए गए 11 या 21 दीपकों को घर के सभी दरवाजों के कोनों में रख दें। इस दिन पूजा घर में पूरी रात एक घी का दीपक भी जलाया जाता है।

# शार्ट सर्किट से लगी आग, गृहस्थी का समान जलकर राख



शार्ट सर्किट से जलकर राख गृहस्थी

**सिरसा।** थाना माण्डा ग्रामपंचायत खुरमा में गरीब मजदूर के घर मे बिजली के शार्ट शर्किट से आग लगने से घर के जरूरी सामान जलकर राख हो गया। मिली जानकारी के अनुसार ग्रामसभा खुरमा माण्डा के श्याम बहादुर पाल पुत्र राजाराम पाल के यहां बिजली के शार्ट शर्किट से आग लग गई। शार्ट शर्किट चिंगारी से छप्पर में आग धधकने लगी। आग को देखकर बड़ी संख्या में ग्रामीण दौड़कर आग बुझाने के लिए बाल्टी और डिब्बे से पानी लेकर मोके पर पहुँचे। काफी देर मेहनत करने के बाद भीड़ ने पानी डालकर आग पर काबू पाए। लेकिन आग इतना तेज था कि गरीब का घर नही बच पाया। जिसमे गरीब श्याम बहादुर पाल के घर कि गृहस्थी का समान गेंहू, चावल, अरहर, कपड़े और बक्से में रखे तीन हजार रुपये नगद व कुछ सोने और चाँदी के जेवरात जलकर नष्ट हो गया। जब श्याम बहादुर पाल ने हल्का नेकपाल राघवेंद्र यादव से बताया कि हमारे घर मे बिजली शार्ट शर्किट से आग लगाकर घर का सब समान जलकर राख हो गया है।आप आकर मौका मुवायना करके रिपार्ट लगा दीजिये जिससे जो सरकार के तरफ से जो सरकारी सहायता मिलता हैं,हमे मिल जाये लेकिन लेखपाल ने कहा कि हम शादी में है करीब पांच दिन बाद आएंगे। जबकि ये घटना शुक्रवार के दिन का है। लेकिन अभी तक पीड़ित परिवार के जले घर का रिपार्ट नही लगाया गया। जिससे ग्रामीणों में शासन व प्रशासन के प्रति आक्रोश बना है।

### भाजपाइयों ने मनाया लालकृष्ण आडवाणी का जन्मदिन

**लालापुर।** लालापुर भाजपा कार्यकर्ताओं ने रविवार को लालकृष्ण आडवाणी का जन्मदिन मनाया। इस मौके मनकामेश्वर मंडल महामंत्री शैलेंद्र कुमार पांडेय भाजपा कार्यकताओं को संबोधित करते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी के जिन नामों को पूरी पार्टी को खड़ा करने और उसे राष्ट्रीय स्तर तक लाने का श्रेय जाता है उसमें सबसे आगे की पंक्ति का नाम है लालकृष्ण आडवाणी। लालकृष्ण आडवाणी कभी पार्टी के कर्णधार कहे गए, कभी लौह पुरुष और कभी पार्टी का असली चेहरा। कुल मिलाकर पार्टी के आजतक के इतिहास का अहम अध्याय हैं लालकृष्ण आडवाणी।आठ नवंबर, 1927 को वर्तमान पाकिस्तान के कराची में लालकृष्ण आडवाणी का जन्म हुआ था। उनके पिता के०डी० आडवाणी और माँ ज्ञानी आडवाणी थीं। विभाजन के बाद भारत आ गए। आडवाणी ने 25 फरवरी 1965 को 'कमला आडवाणी' को अपनी अर्धांगिनी बनाया। आडवाणी के दो बच्चे हैं। लालकृष्ण आडवाणी की शुरूआती शिक्षा लाहौर में ही हुई पर बाद में भारत आकर उन्होंने मुंबई के गवर्नमेंट लॉ कॉलेज से लॉ में स्नातक किया। आज वे भारतीय राजनीति में एक बड़ा नाम हैं। गांधी के बाद वो दूसरे जननायक हैं जिन्होंने हिन्दू आंदोलन का नेतृत्व किया और पहली बार बीजेपी की सरकार बनावाई।

# जेई समेत विद्युत कर्मी को व्यापारियों ने बनाया बंधक

**शंकरगढ़।** यमुनापार की शंकरगढ़ बाजार में रविवार को व्यापारियों ने वीडियो बना रहे और फोटो खींच रहे जेई (विद्युत) और एक विद्युत कर्मी को बंधक बना लिया और इसकी जानकारी बारा विधायक को दी। मामला ऊपर तक पहुंचा तो विद्युत विभाग के अफसर और पुलिस कर्मी मौके पर पहुंचे और व्यापारियों को समझाकर मामले को शांत कराया। व्यापारियों को आरोप है कि विद्युत विभाग के कर्मचारी और अधिकारी आए दिन इसी तरह वसूली के लिए परेशान करते हैं।

रविवार को शंकरगढ़ विद्युत उपकेंद्र पर मेगा विद्युत कैंप का आयोजन किया गया था। यहां पर बाहर से भी अधिकारी आए थे। इन्ही में शामिल लालापुर के जूनियर इंजीनियर एक विद्युत कर्मी के साथ शंकरगढ़ बाजार पहुंच गए और हाथी गली के समीप वीडियो बनाने के साथ फोटो खींचने लगे।यह जानकारी होते ही मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई और लोगों ने जेई व विद्युत कर्मी को बैठा लिया। इसके बाद बारा विधायक डा.अजय कुमार को सूचना दी। इस पर उपखंड अधिकारी संजीव कुमार श्रीवास्तव मौके पर पहुंचे और नाराज व्यापारियों को समझाकर मामले को शांत कराया। व्यापारियों का कहना है कि आए दिन विभागीय अधिकारी वीडियो और फोटो के जरिए बाजार में वसूली करते हैं। जब, वह लोग नियमित बिल का भुगतान करते हैं तो फिर वसूली किस बात के लिए की जाती है।

व्यापार मंडल के अध्यक्ष मूलचंद्र गुप्ता और महामंत्री रतन केसरवानी ने बताया कि मेगा कैंप के नाम पर बाहरी अधिकारी और कर्मचारी यहां की बाजार में आकर व्यापारियों को परेशान करते हैं। अवैध वसूली की जाती है। जबकि इनका काम लोगों की विद्युत से संबंधित समस्याओं को सुधारना होता है, लेकिन ऐसा नहीं किया जाता है। यहां पर कुल 12 वार्ड हैं, लेकिन विद्युत विभाग को कस्बे की बाजार ही नजर आती है।

### सड़क पार कर रहे सब्जी विक्रेता को बेकाबू ट्रक ने कुचला, कोहराम

**घूरपुर।** क्षेत्र के सारंगापुर में शनिवार की रात सड़क पार कर रहे एक सब्जी कारोबारी को बेकाबू ट्रक ने बुरी तरह से कुचल दिया । जिससे उसकी शरीर के चीथड़े उड़ गए । घूरपुर थाना क्षेत्र के उभारी गांव निवासी रंजीत कुशवाहा (20) पुत्र नंद किशोर कुशवाहा अभी एक सप्ताह पूर्व सारंगापुर स्थित हाइवे किनारे एक किराए का कमरा लेकर सब्जी की दुकान खोला था । शनिवार की रात किसी काम से हाइवे को पार कर रहा था इसी बीच एक बेकाबू ट्रक ने उसे बुरी तरह से कुचल दिया।जिससे उसकी दर्दनाक मौत हो गई ।पुलिस ने शव को पीएम के लिए भेजा। सूचना पर परिजनों में कोहराम मच गया।

# अध्यक्ष के खिलाफ मुकदमा दर्ज होने पर प्रधान संघ नाराज



क्षेत्राधिकारी से मिलकर मुकदमा वापस करने की मांग करते हुए प्रधान संघ के पदाधिकारी

**फूलपुर।** पड़ोसी से हुए विवाद में प्रधान संघ अध्यक्ष के खिलाफ मुकदमा लिखे जाने से नाराज प्रधान संघ ने रविवार दोपहर में सीओ कार्यालय पहुंच कर केस वापस करने की मांग की। फूलपुर कोतवाली क्षेत्र के जोगिया शेषपुर गांव निवासी जगदीश कुमार गुप्ता उक्त गांव के प्रधान होने के साथ ही फूलपुर ब्लाक के प्रधान संघ अध्यक्ष है। शनिवार को उनके पड़ोस के अनिल कुमार आदि से जल निकासी को लेकर विवाद हो गया जिसमें मामूली मारपीट भी हो गई। जगदीश गुप्ता का आरोप है कि उनके भूमिधरी खेत में पड़ोसी जबरन अपने घर का गंदा पानी बहाते है। मना करने पर गाली गलौज कर मार पीट पर उतारू हो जाते हैं। प्रधान संघ अध्यक्ष ने बताया कि शनिवार को वह एक पंचायत में गए थे और घर पर नहीं थे। लेकिन विरोधियों ने उनका नाम भी मुकदमे में लिखवा दिया। इससे प्रधान संघ में पुलिस के प्रति गहरी नाराजगी दिखी। आक्रोशित प्रधानों ने दर्जनों की संख्या में रविवार दोपहर प्रधान संघ के प्रदेश सचिव सतेंद्र कुमार कुमार त्रिपाठी एवं जिला अध्यक्ष विजय कुमार पटेल के साथ सी ओ कार्यालय पहुंच कर प्रधान अध्यक्ष के खिलाफ फर्जी मुकदमे को वापस करने की मांग करने लगे । वार्ता के दौरान क्षेत्राधिकारी फूलपुर राम सागर ने जनप्रतिनिधियों को आस्वस्त किया कि जल्द ही उचित न्याय दिलाते हुए मामले में कार्यवाई की जाएगी और फर्जी मुकदमा वापस होगा। इसके साथ ही विपक्षी यदि अपने जल निकासी की व्यवस्था नहीं करता है तो उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। इस मौके पर प्रधान संघ उपाध्यक्ष राम पदार्थ पटेल, रणविजय सिंह, अशोक कुमार, सुरेश चन्द्र, यशवंत यादव, मो इकराम, धर्मपाल बिंद,ज्ञान चंद्र, मोने लाल पटेल, शुकरू राम भारतीय,सहित दर्जनों प्रधान उपस्थित रहे।

# प्रयागराज हलचल




## संक्षेप समाचार

### करछना की रामलीला में जुट रहीं भीड़

**करछना।** श्रीराम रामलीला कमेटी करछना में रामलीला मंचन के पहले दिन शनिवार को रामजन्म और नारद मोह रामलीला में दर्शको की भारी भीड़ जुटी। मंचन के दौरान राजा शील निधि के दरबार में आयोजित स्वयंबर में पहुंचे नारदमुनि के स्त्रीमोह को देखते हुए उनके ऋषिधर्म के आचरण से विमुख होने पर उन्हें भगवान बिष्णु नें सद्धमार्ग का जागरण किया। इसके पूर्व नारद द्धारा भगवान से सुंदर रूप मांगने पर बंदर का रूप प्रदान किया गया। जिसे स्पर्शकर क्रोधित नारद ने श्राप दिया कि विपत्ति के समय यही बंदर में आपकी सहायता करेगें।इसके उपरात रामजन्म रामलीला में पात्रो द्धारा कुशल अभिनय किया गया। पहले दिन की रामलीला में कलाकारों द्धारा प्रस्तुत अभिनय को खूब सराहा गया।

# कोरोना जांच के बाद ही माघ मेला में प्रवेश कर सकेंगे संत-श्रद्धालु

**प्रयागराज।** कोरोना संक्रमण की भयावह स्थिति के बीच जनवरी-2021 में संगम तीरे तंबुओं की नगरी आबाद होगी। इसके मद्देनजर अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद अध्यक्ष महंत नरेंद्र गिरि ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात की। रविवार की सुबह लखनऊ स्थित मुख्यमंत्री आवास पर हुई मुलाकात में योगी आदित्यनाथ ने कहा कि कोरोना का संकट अभी कायम है। इसके बीच माघ मेला की परंपरा कायम रखी जाएगी।



लखनऊ में मुख्यमंत्री से मुलाकात करते अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष नरेन्द्र गिरि

महंत नरेंद्र गिरि ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि कोरोना जांच के बाद श्रद्धालुओं को मेला क्षेत्र में प्रवेश दिया जाएगा। इसके लिए मेला क्षेत्र के हर प्रवेश द्वार पर जांच कैंप लगाया जाएगा। वहां 24 घंटे कोरोना की जांच होगी। साथ ही मेला क्षेत्र के हर सेक्टर में कोरोना जांच की व्यवस्था की जाएगी।

बताया कि जिन श्रद्धालुओं की पहले से कोरोना जांच हुई होगी उन्हें नहीं रोका जाएगा। जबकि जिनके पास रिपोर्ट नहीं होगी उन्हें प्रयागराज में जांच करानी होगी। जिन संतों व श्रद्धालुओं की कोरोना जांच रिपोर्ट पॉजिटिव आएगी उन्हें मेला क्षेत्र में प्रवेश नहीं मिलेगा। मेला क्षेत्र में संतों व कल्पवासियों की नियमित कोरोना जांच होगी। पॉजिटिव आने वाले को मेला क्षेत्र से हटाकर कोरेंटाइन किया जाएगा। बताया कि मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि माघ मास में स्नान के लिए गंगा में पर्याप्त निर्मल जल मिलेगा। महंत नरेंद्र गिरि ने मुख्यमंत्री योगी को चांदी के पत्र में लिखी हनुमान चालीसा भेंट की।

### कम रहेगी धार्मिक संस्थाओं की संख्या

भीड़ रोकने के लिए मेला क्षेत्र में धार्मिक संस्थाओं का पंडाल अबकी कम लगाया जाएगा। सिर्फ प्रमुख धार्मिक संस्थाओं को शिविर लगाने की अनुमति मिलेगी।

माघ मेला में स्नान के लिए एक स्थान पर अधिक भीड़ न जुटे उसके लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हर घाट पर लोगों से स्नान की अपील की है। इसके लिए हर घाट व्यवस्थित किए जाएंगे। वहां बिजली, शौचालय व पकड़ा बदलने का प्रबंध किया जाएगा।

महंत नरेंद्र गिरि ने संतों व कल्पवासियों से भीड़ कम लेकर आने की अपील की है। संतों से प्रवचन का पंडाल न लगाने की अपील की है। कहा कि संत सिर्फ पूजन व यज्ञ करें।

### रेलवे लाइन किनारे घरों में फिर लगे लाल निशान

**प्रयागराज।** प्रयागराज जंक्शन और प्रयागराज रामबाग के बीच रेलवे लाइन किनारे घरों में शनिवार को भी पूर्वोत्तर रेलवे की ओर से लाल निशान लगाया गया। रेलवे और प्रशासन की संयुक्त टीम ने दूसरे दिन लगभग 50 घरों में निशान लगाए। प्रयागराज जंक्शन और प्रयागराज रामबाग के बीच ट्रैक दोहरीकरण होना है। इसके लिए रेलवे की जमीन पर बने मकानों के ध्वस्तीकरण के लिए लगाए जा रहे निशान से साउथ मलाका और आजादनगर में खलबली मच गई। लाल निशान की जद में 250 से अधिक मकान हैं। लाल निशान लगे मकानों में रहने वालों का दावा है कि उनके पास जमीन की रजिस्ट्री है। अधिकारियों का कहना है कि लाल निशान वाले मकान रेलवे की जमीन पर बने हैं। दूसरे दिन लाल निशान लगने से परेशान लोगों ने शाम को मीटिंग की। साउथ मलाका में हुई मीटिंग में तय हुआ कि सभी लोग सोमवार को डीएम से मिलेंगे। कई लोगों ने दावा किया कि मकान बनाने से पहले खरीदी जमीन की रजिस्ट्री है। सामाजिक कार्यकर्ता असमत कमाल ने बताया कि चिन्हित किए गए कई मकान की कीमत एक से दो करोड़ है। लाल निशान की जद में कई मकान में रहने वाले गरीब हैं। आधे से अधिक चिन्हित मकानों का पूरा हिस्सा टूटने की आशंका है। रेलवे के एक अधिकारी ने बताया कि लाउदर रोड और निरंजन डॉट पुल के बीच जमीन की नापजोख की गई है।

# बस की चपेट में आने से युवक की मौत

**नैनी।** आईटीआई कालेज के समीप सिटी बस की चपेट में आने से बाइक सवार ट्राली मिस्त्री गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे लाद फांदकर एसआरएन अस्पताल ले जाया गया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। करछना थाना क्षेत्र के बरदहा गांव निवासी प्रदीप विश्वकर्मा (35) पुत्र श्री प्रकाश विश्वकर्मा चार भाइयों में बड़ा था। वह ट्रैक्टर ट्राली बनाने का काम करता था। रविवार को उसके घर में भतीजे के बेटे का बधावा था। उसमें खाने पीने का कार्यक्रम था। प्रदीप विश्वकर्मा बाइक से शहर गया था। वहां से वापस घर जा रहा था। दोपहर में करीब ढाई से तीन बजे के बीच आईटीआई कालेज, नैनी के सामने वह बाइक खड़ी करके फोन पर बात कर रहा था, तभी उधर से गुजरी सिटी बस ने उसे टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे उपचार के लिए एसआरएन अस्पत?ाल ले जाया गया। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। मौत के बाद परिजन शव लेकर घर चले गए। पता चलने पर पुलिस पहुंची तो परिजन पोस्टमार्टम के लिए शव थाने लेकर आए। उसके बाद पंचनामा भरकर चीरघर भेजने की कार्रवाई हुई। उसकी मौत से परिवार में कोहराम मच गया है।

### सामने से अप्पे में भिड़ा बाइक सवार एक की मौत दो घायल

**घूरपुर।** क्षेत्र के सरंगापुर बाजार में सामने से आ रही अप्पे में बाइक सवार भिड़ गया। जिससे एक की मौत हो गई जबकि बाइक में सवार अन्य दो घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस शव को पीएम के लिए भेजा। सोमवार की सायंकाल गलत दिशा की ओर घूरपुर की तरफ आ रहा बाइक सवार शहर की ओर जा रही अप्पे से भिड़ गया।बाइक पर सवार तीन युवक में एक युवक चंदन विश्वकर्मा (20) पुत्र विद्याकांत निवासी चाका नैनी की मौके पर ही मौत हो गई।जबकि बाइक सवार अन्य दो युवक घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस तो जांच पड़ताल कर शव को पीएम के लिए भेजा। वही अन्य घायल युवक का कोई पता नही चला। प्रत्यक्षदर्शियो ने बताया कि दुर्घटना में घायल दोनों युवक मौके से भाग निकले थे। बताया जाता है कि चंदन मूल निवासी मेजा के ताला गांव का रहने वाला है। विगत कई वर्ष पूर्व से अपने चाका स्थित अपने नाना शिव मुनि के पास घर बना स्थाई रूप से रहने लगा था। चंदन की मौत की सूचना पर माता पूनम सहित परिजनों का रो रोकर बुरा हाल हो गया है।

# विधायक बारा छोटी माइनर का किए शिलान्यास



छोटी माइनर का शिलान्यास करते विधायक बारा

**लालापुर।** किसानों के प्रगति के लिए केंद्र व राज सरकार योजनाओं के तहत काम कर रही है। इस बात को विधायक बारा डॉ अजय कुमार ने लालापुर के इछौरा माइनर से ताल तक जाने के लिए एक छोटी माइनर का शिलान्यास करते हुए किसानों के बीच इछौरा ताल तक लगभग डेढ़ किलोमीटर के दायरे में हजारों एकड़ भूमि बिना पानी के सहारे बारिश के भरोसे की जाती है। अब छोटी माइनर से पानी पहुंचने के बाद घुरी, इछौरा, गोबरा, गोइसरा अदि गांवों के सैकड़ों किसानों को इसका लाभ मिलेगा। उक्त कार्यक्रम में विधायक बारा के साथ कृष्णानंद शुक्ल, गणेश दत्त शुक्ला शिव्यस पांडे, कृष्णराज सिंह परिहार तीरथ राज दुबे आदि लोग मौजूद रहे। इस मौके पर ग्राम प्रधान गोइसरा उचित नारायण यादव ने कहा कि छोटी माइनर पा जाने से हमारे क्षेत्र के किसानों को सर्वाधिक लाभ मिलेगा, सुचारू रूप से खेती भी की जा सकेगी जिससे किसानों की आय बढ़ेगी जो सरकार द्वारा योजना दी गई है, उसका अधिक से अधिक हमारे क्षेत्र के किसानों को लाभ मिलेगा अधिक पैदावार होगी। उक्त बात प्रधान गोइसरा के द्वारा की गई।

### माण्डा पुलिस के हत्थे चढ़ा पास्को एक्ट का वाछिंत आरोपी

**माण्डा प्रयागराज।** मांडा थाना क्षेत्र की एक किशोरी का अपहरण करने वाला आरोपी पुलिस के हत्थे चढ़ गया, जिसे कार्यवाई के बाद जेल भेज दिया गया। माण्डा थाना क्षेत्र के एक गांव की किशोरी को बीते सप्ताह युवक द्वारा अपहरण कर लिया गया था। उक्त मामले में पीड़िता के परिजनों ने थाने में मुकदमा दर्ज कराया था, जिसकी पुलिस गहराई से जांच कर रही रही थी। वहीं रविवार की सुबह हल्का दरोगा सन्तोष कुमार सिंह हमराही जुबेर खाँ, हरी सिंह ने मुखबिर सूचना पर नहवाई माण्डा तिराहे से घेराबन्दी कर अभियुक्त बालकृष्ण उर्फ ननकउ पुत्र कन्हैया लाल पटेल निवासी चौका, बरहाकला थाना माण्डा को गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाई के बाद जेल भेज दिया।

### अतीक के नाम जारी दुनाली बंदूक का लाइसेंस भी निरस्त

**प्रयागराज।** पूर्व सांसद अतीक अहमद पर प्रशासन का शिकंजा और कस गया है। अतीक की संपत्ति के बाद अब उनके नाम पर जारी शस्त्र लाइसेंस भी निरस्त कर दिया गया है। जिलाधिकारी भानु चंद्र गोस्वामी ने अतीक के नाम पर जारी डबल बैरल शस्त्र लाइसेंस को निरस्त कर दिया है। उन्होंने इसे जमा कराने और इसके शस्त्र लाइसेंस पर जारी सभी कारतूस भी जमा कराने के निर्देश दिए है। पूर्व सांसद अतीक अहमद के नाम पर कई थानों में तमाम मामले दर्ज हैं। उन पर कार्रवाई चल रही है। डीएम ने शनिवार रात अतीक के नाम पर दर्ज डबल बैरल शस्त्र के लाइसेंस को रद्द कर दिया है। उनके आपराधिक प्रवृत्ति में लिप्त होने के कारण यह आदेश जारी किया गया है। इस शस्त्र पर जारी सभी कारतूस भी जमा होंगे। जिलाधिकारी ने प्रभारी निरीक्षक धूमनगंज थाने को इसे निरस्त कर लाइसेंस कलक्ट्रेट में जमा करने का निर्देश दिया है। यह शस्त्र लाइसेंस तमाम अपराधों में इस्तेमाल हुआ बताया जा रहा है।

# यीशु दरबार बिशप के पदग्रहण की आठवीं वर्षगांठ मनायी गयी

**प्रयागराज।** शुआट्स कुलपति मोस्ट रेव्ह प्रो0 राजेन्द्र बी. लाल के यीशु दरबार चर्च के बिशप पदग्रहण की आठवीं वर्षगांठ वर्चुअल प्लेटफार्म पर मनाई गयी।

शुरूआत मसीही गीत ह्यधन्यवाद से दिल मेरा भरके प्रभुह्ल से हुई। प्रति कुलपति (पीएमडी) प्रो0 रेव्ह सर्वजीत हरबर्ट ने ह्यधन्यवाद के ये आंसू रोकने से नही थमतेह्ल गीत की प्रस्तुति दी और कहा कि बिशप.डा. आर.बी. लाल को परमेश्वर ने अपने सेवकों के अगुवा के रूप में चुना है। इस अवसर पर बिशप मोरीस एडगर दान, बिशप डी.के. साहू, प्रो. ए.के.ए. लॉरेन्स, प्रो. सर्वजीत हरबर्ट, प्रो. रंजन ए. जौन, डेविड फिलिप्स आदि ने यीशु दरबार के बिशप डा. आर.बी. लाल को प्रतीक चिन्ह देकर एवं शॉल पहनाकर सम्मानित किया।




यीशु दरबार बिशप के पदग्रहण की आठवीं वर्षगांठ मनाते हुए

बिशप राजेन्द्र बी. लाल ने परमेश्वर का धन्यवाद दिया कि परमेश्वर ने यीशु दरबार के बिशप के रूप में उन्हें आशीषित किया और सेवकाई के लिए चुना। उन्होंने कोविड महामारी के समय में लोगों से अपील की कि वे परमेश्वर पर अपना विश्वास रखें, हर सदी में परमेश्वर की सृष्टि को नष्ट करने महामारी आती है लेकिन परमेश्वर हमें बचाता है। बिशप लाल ने कहा कि परमेश्वर पर हमारा विश्वास उतना ही अटल होना चाहिये जितना कि स्वर्ग में परमेश्वर का सिंहासन अटल है। उन्होंने कहा कि परमेश्वर की इच्छा है कि स्वर्ग का राज्य पृथ्वी पर आये इससे हमारा संसार स्वर्गीय हो जायेगा, अपराध समाप्त हो जायेगा हर ओर प्रेम ही प्रेम दिखाई पड़ेगा। बिशप लाल ने बाईबल के वचन साझा करते हुए कहा कि जितनों ने परमेश्वर को ग्रहण किया परमेश्वर ने उन मनुष्यों को परमेश्वर की संतान होने का वरदान प्रदान किया। निदेशक आईपीसी प्रो0 जोनाथन ए. लाल ने अपने अनुभव को साझा करते हुए कहा कि बिशप का पद अत्यन्त जिम्मेदारी, त्याग एवं बलिदान का पद है, इसके लिए अपने शत्रु से प्रेम करना पड़ता है, सताने वालों के लिए प्रार्थना करनी पड़ती है। उन्होंने कहा कि बिशप डा. आर.बी. लाल ने बिशप के रूप में अत्यन्त कठिन परिस्थिति का सामना किया। उन्होंने परमेश्वर पर अपना विश्वास अडिग रखते हुए विरोध, नफरत, डर, शत्रुता आदि का सामना किया और परमेश्वर ने उन्हें आशीषित किया। उन्होंने कहा कि परमेश्वर ने अपने राज्य के विस्तार के लिए बिशप के रूप में डा.आर.बी. लाल को चुना है।

इस अवसर पर प्रति कुलपति (प्रशासन) प्रो. एस.बी. लाल, निदेशक प्रशासन विनोद बी. लाल, डीन प्रो. रानू प्रसाद, रेव्ह. वी.के. सिंह आदि उपस्थित रहे।

# नवाबगंज के अंधियारी गांव में फैला डेंगू, अस्पताल में भर्ती

**नवाबगंज।** अंतर्गत ग्रामसभा अंधियारी के मजरा पाठक का पूरा में इन दिनों डेंगू का कहर जारी है। डेंगू की चपेट में कई लोग आ गए हैं। स्वास्थ्य विभाग की उदासीनता से गांव में डर का माहौल व्याप्त हो गया है।



अस्पताल में भर्ती डेंगू के मरीज

बता दें कि ग्रामसभा अंधियारी अंतर्गत मजरा पाठक के पूरा में डेंगू की चपेट में संगम लाल पुत्र स्वर्गीय सुपरी तिवारी, राज्जन लाल तिवारी पुत्र स्वर्गीय छोटेलाल तिवारी, लालचंद तिवारी पुत्र स्वर्गीय बच्चू लाल तिवारी, खुशबू पुत्री फूलचंद तिवारी आ गए हैं। जिसमें खुशबू व संगम लाल को परिजनों ने प्रयागराज के एक प्राइवेट अस्पताल में भर्ती कराया है। ग्रामीणों का आरोप है कि अभी तक गांव में नालियों की सफाई हुई है और ना ही दवा का छिड़काव कराया गया है। जिससे ग्रामीणों में नाराजगी है। इस संबंध में सीएचसी प्रभारी कौड़िहार दीपक तिवारी से फोन पर संपर्क करना चाहा लेकिन संपर्क नहीं हो सका।

# कमेरा समाज देश की रीढ़ : पल्लवी पटेल

### 1500की पदयात्रा में अपना अपना दल की राष्ट्रीय अध्यक्ष पल्लवी पटेल गौहनिया चौराहे पर पार्टी कार्यकर्ताओं कों संबोधित की

**करमा ।** देश की एकता एवम विकास में कमेरा समाज का बहुत बड़ा एवम अविस्मरणीय योगदान रहा हैं किन्तु देश की सरकारों नें कमेरा समाज कों उनके हकों एवम अधिकारों से सदैव वंचित रखा जबकि कमेरा समाज ही इस देश की रीढ़ हैं उक्त बातें अपना दल की राष्ट्रीय अध्यक्ष पल्लवी पटेल नें अपने 1600 की पदयात्रा कें दौरान प्रयागराज कें गौहनिया चौराहे पर पार्टी कार्यकताओं एवम मीडिया से प्रेस वार्ता दौरान व्यक्त की इसके साथ ही पद यात्रा में पार्टी पदाधिकारियों सहित अनेकों लोगों नें कमेरा समाज कें उत्थान पर बल दिए । अपना दल कें वरिष्ठ नेता सुशील पटेल कांटी नें कमेरा समाज कें संगठन एवम एकता पर बल दिए । उक्त अवसर पर अजय पटेल, दिलीप, शिव बहादुर पटेल, अधिवक्ता रमेश पटेल, सर्व जीत सिंह, सरपंच, मनीष पटेल, अगम लाल आदि पार्टी कार्यकर्ता मौजूद रहें।



पदयात्रा के दौरान पल्लवी पटेल व कार्यकर्ता

# एनएसयूआई प्रयागराज ने नोटबन्दी के चौथे वर्षगांठ के इस काला दिन पर नरेंद्र मोदी के सद्बुद्धि के लिए किया यज्ञ




नोटेबंदी की चौथी वर्षगाँठ पर नरेंद्र मोदी के लिए सद्बुद्धि यज्ञ करते हुए

**प्रयागराज।** नोटेबंदी की चौथी वर्षगाँठ पर इलाहाबाद विश्विद्यालय में प्रयागराज NSUI के जिलाध्यक्ष अक्षय यादव क्रांतिवीर की अगुवाई में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को सदबुद्धि प्रदान करने हेतु सदबुद्धि यज्ञ आयोजित किया व ईश्वर से कामना की गई कि मोदी द्वारा देश में नोटेबंदी, गलत GST जैसे तुगलखि फरमान जारी करना आज भारत के पिछड़े पन का कारण है, एनएसयूआई के राष्ट्रीय सचिव अविनाश यादव व सहप्रभारी अंशु मिश्र ने कहा कि देश का आज जो खस्ताहाल है उसका कारण नरेंद्र मोदी के तुगलकी फरमान नोटबन्दी से है जिसे सम्हालने की जरूरत के साथ देश को पटरी पर लाने की जिम्मेवारी होनी चाहिए।

प्रदेश अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि आज छात्रों की बदतर हालत है,छात्र पढ़ाई छोड़ मजदूर बनने को मजबूर हो चुका है। उसकी जिम्मेदार ये नोटबन्दी की सरकार है नरेंद्र मोदी है। एनएसयूआई जिलाध्यक्ष अक्षय यादव क्रांतिवीर ने कहा कि आज हम इस यज्ञ के माध्यम से ईश्वर से कामना किये है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी को सद्बुद्धि मिले जिससे देश के भविष्य छात्रों के साथ अनादर न हो, नोटबन्दी से किसान नौजवान ब्यापारी सब रोड़ पर आ गए है और आज देश को इतनी तेजी से औने पौने दामों पर बेचा जा रहा इस पर सभी को आवाज भी उठानी होगी। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से- एनएसयूआई के राष्ट्रीय सचिव अविनाश यादव, सह प्रभारी अंशु मिश्रा, प्रदेश अध्यक्ष अखिलेश यादव, जिलाध्यक्ष अक्षय यादव क्रांतिवीर, कोमलाक्ष गिरी, सत्यम कुशवाहा, चंद्रशेखर अधिकारी, एहतेशाम, हरिकेश हैरी, दुर्गेश सिंह, अश्वनी यादव, दिग्विजय गोपाल आदि रहे।

**अखण्ड भारत संदेश** के लिए स्वामी श्री योगी सत्यम कियायोग आश्रम एवं अनुसंधान सस्थान झूंसी, प्रयागराज 211019 से प्रकाशित एवं रामा प्रिंटिंग प्रेस 53/25/1ए बेली रोड नया कटरा प्रयागराज से मुद्रित।

**मुद्रक/प्रकाशक**

**स्वामी श्री योगी सत्यम**

पी0आर0बी0 एक्ट के अन्तर्गत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों से संबंधित विवादों का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा। आरएनआई नं0: UPHIN2001/9025

### अतीक की पत्नी समेत कई गैंगस्टरों की संपत्ति होगी कुर्क

**प्रयागराज।** पूर्व सांसद अतीक अहमद की मुश्किलें कम नहीं हो रहीं हैं। जिलाधिकारी भानु चंद्र गोस्वामी ने झूंसी क्षेत्र में अतीक अहमद की उनकी पत्नी शाइस्ता परवीन के नाम से अर्जित संपत्ति कुर्क करने का आदेश जारी किया है। इसके साथ ही कई और गैंगस्टरों के खिलाफ भी कुर्की का आदेश जारी किया है। पूर्व सांसद पर आरोप है कि कटका परगना में उन्होंने दो संपत्ति अपनी पत्नी शाइस्ता परवीन के नाम से ली है। यह संपत्ति उन्होंने समाज विरोधी कृत्यों में लिप्त होकर काली कमाई से अर्जित की है। डीएम ने प्रभारी निरीक्षक झूंसी को संपत्ति कुर्क करने का आदेश दिया है। कार्रवाई कर जानकारी 11 नवंबर तक मांगी है। इसके साथ ही घूरपुर क्षेत्र के विनोद निषाद की मोटर साइकिल कुर्क करने का आदेश दिया है। घूरपुर थाने के ही गैंगस्टर सुरेश निषाद के चार पहिया वाहन, गुलबदन निषाद के ट्रैक्टर, शैलेंद्र पटेल की कार व मोटर साइकिल, नैनी के भीम भारतीय की मोटर साइकिल कुर्क कर 11 नवंबर तक रिपोर्ट देने को थानेदारों से कहा है।

# भाजपा की जनविरोधी नीतियों से हर कोई परेशान : शेखर बहुगुणा

**फूलपुर।** फूलपुर क्षेत्र के देवनहरी स्थित भारद्वाज गुरुकुलम में रविवार को संविधान, किसान व बेटी बचाओ पर संगोष्ठी आयोजित की गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सदस्य शेखर बहुगुणा ने कहा कि भाजपा के राज में किसान, मजदूर सब परेशान हैं। लोगों के सामने जीवन यापन का संकट उत्पन्न हो गया। किसानों को उनका समर्थन मूल्य नहीं मिल पा रहा है। जिससे उनका हाल बेहाल है। जिससे किसान आत्महत्या करने पर मजबूर है। वहीं बेटियों पर हो रहे अत्याचार और बलात्कार की घटनाएं आम हो चुकी है। उन्होंने कहा कि देवरिया में बेटी के साथ छेड़खानी का विरोध करने पर पिता की हत्या कर दी जाती है। इससे साफ होता है कि उत्तर प्रदेश की भाजपा सरकार में जंगलराज चरम सीमा पर है।



भारद्वाज गुरुकुलम में आयोजित संगोष्ठी में बोलते मुख्य अतिथि

कार्यक्रम की अध्यक्षता कमला कांत मिश्रा व कुशल संचालन एडवोकेट देवराज उपाध्याय ने किया। मौके पर गोपाल कृष्ण द्विवेदी,राजा बाबू,डॉ अरुण कुमार मिश्रा,मदन मोहन मिश्रा, अशोक मिश्रा, गोविंद सिंह, शीतला प्रसाद, सूर्यकांत द्विवेदी, रमाकांत पांडेय, हरिशंकर मिश्र, अरुण शुक्ला, गिरधारी लाल सरोज, अशफाक अहमद,रिंकू तिवारी, अंबरीश पांडेय, गुलाब यादव, अशोक यादव, इश्तियाक अहमद सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## संक्षेप समाचार

### रास्ते के विवाद में मारपीट, बम फेंका

**कुंडा,प्रतापगढ़।** रास्ते के विवाद में दो पक्षों में जमकर मारपीट हुई। एक पक्ष ने बम फेंककर दहशत फैला दी। मारपीट में एक अधेड़ घायल हो गया। पुलिस दोनों पक्षों को पकड़कर थाने ले गई।अंतू के नेवादा कला निवासी विदेशी लाल गौड़ व उसके पड़ोसी राजा बलि गौड़ के बीच आबादी की जमीन में रास्ते के लिए विवाद चल रहा है। रविवार को सुबह करीब सात बजे अचानक दोनों पक्ष में कहासुनी होने लगी। बात बढ़ते ही राजा बलि की तरफ से उसके भाई भी आ गए और दूसरे पक्ष के विदेशी लाल की तरफ से उसका बेटा अजय आ गया। दोनों पक्ष में मारपीट होने लगी। इस दौरान एक पक्ष ने बम फेंका तो उसकी तेज आवाज से गांव में दहशत फैल गई। प्रधान विपिन सिंह की सूचना पर पुलिस पहुंची तो माहौल शांत हुआ। मारपीट में विदेशी लाल (55) गंभीर रूप से घायल हो गया। गड़वारा चैकी प्रभारी निकेत भारद्वाज ने दोनों पक्ष के लोगों को थाने भिजवा दिया। उनका कहना है कि मामले की जांच कर कार्रवाई की जा रही है।

### भूमि विवाद में मारपीट, छह घायल

**प्रतापगढ़।** भूमि विवाद में दो पक्षों के बीच लाठी-डंडे चले। छह लोग घायल हो गए। सभी को अस्पताल में भर्ती कराया गया।फतनपुर थाना क्षेत्र के कोयम में रामबाबू व शोभनाथ यादव के बीच भूमि का विवाद है। शनिवार रात दोनों पक्ष में लाठी-डंडे चलने लगे। मारपीट में एक पक्ष से रामबाबू (30), श्याम सुंदर (22), रवि (15 ) व रमेश चंद्र (45 ) घायल हो गए। उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। वहां से रामबाबू व श्याम सुंदर को जिला अस्पताल रेफर किया गया। दूसरे पक्ष से शोभनाथ यादव (55) व रंजीत (25) भी घायल हो गए, लेकिन उनका उपचार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गौरा में न कराकर जिला अस्पताल ले गए। रामबाबू के पक्ष से फतनपुर थाने में तहरीर दी गई है।

## दीपावली आते ही फिर बारूद के ढेर पर बैठा कौशांबी

बीते वर्षो बारूद कारखानो में कई मौत के बाद भी नहीं जागे जिम्मेदार

आतिशबाजों द्वारा पटाखा बनाते समय अग्नि से बचाव के इंतजाम भी नहीं किए गए जिससे खतरे की संभावना बढ़ जाती है



**भरवारी कौशांबी।** जिले में बारूद के कारखाने अवैध तरीके से तमाम चल रहे हैं जहां पूर्व के अनुभव बताते हैं कि बेवजह निर्दोष लोगों की मौत भी हो चुकी है बारूद के कारखाना चलाने वाले लोगों के पास कारखाना चलाने का लाइसेंस नहीं है बारूद से सामान बनाने के लाइसेंस के कठोर नियम है जिसके चलते इन्हें लाइसेंस मिल पाना भी संभव नहीं है पटाखा बेचने का लाइसेंस लेकर जिले में बेखौफ तरीके से आतिशबाज द्वारा बारूद के सामान पटाखे बनाए जाते हैं जो लोगों की जिंदगी सुरक्षा के साथ भरपूर खिलवाड़ है। बीते वर्ष भी भरवारी कस्बे में एक पटाखा कारखाने में हादसे के बाद कई लोगों की मौत हो गई थी पूर्व में भी अन्य कस्बो में बारूद से सामान बनाने वाले आतिशबाज के कारखानों में हादसे हो चुके हैं जहां मौतें भी हुई थी लेकिन इस मौत के बाद भी पटाखा के धंधे से जुड़े आतिशबाज के अवैध कारखाने बारूद से बने सामान और बारूद को जप्त करने की कार्यवाही अभी तक पुलिस ने नहीं किया जिससे जिले में कभी भी गंभीर हादसे के बाद जिला हिल सकता है। दीपावली का पर्व आते ही भरवारी मूरतगंज सराय अकिल पुरामुफ्ती मनौरी सल्लाहपुर कड़ा करारी पश्चिम शरीरा आदि कस्बों में संचालित बारूद के कारखाने आतिशबाजी के धंधे में लगे लोग कम समय में अधिक कमाई के चक्कर में इन आतिशबाजो द्वारा आमजन की जिंदगी से खिलवाड़ किया जा रहा है जिले में बेखौफ तरीके से चल रहे बारूद के कारखाने की ओर अभी तक अग्निशमन दल के अधिकारियों ने भी सटीक सूचना एकत्रित कर बारूद कारखाने पर कार्यवाही करते हुए आला अधिकारियों को अवगत नही कराया है जो अग्निशमन दल के अधिकारियों की घोर लापरवाही की ओर इशारा करता है हादसे के वक्त सुरक्षा के भी व्यापक इंतजाम इन कारखानों के पास नहीं है जिसका नतीजा बीते वर्ष देखा जा चुका है अवैध कारखाना संचालित करने वाले लोग भी सुरक्षा को लेकर सचेत होते हैं और पानी के टैंक के साथ-साथ आग बुझाने वाले तमाम अन्य उपकरण की व्यवस्था पूर्व से सुरक्षा का एहसास करते हैं लेकिन आतिशबाजो द्वारा पटाखा बनाए जाने के समय अग्नि से बचाव के इंतजाम भी नहीं किए गए जिससे खतरे की संभावना बढ़ जाती है।

## लोक कलाकार संस्कृति विभाग की वेबसाइट पर पंजीकरण कराकर उठाये लाभ

**कौशाम्बी।** जिलाधिकारी अमित कुमार सिंह ने अवगत कराया है कि संस्कृति विभाग, उत्तर प्रदेश द्वारा प्रदेश की विशिष्ट कला एवं संस्कृति के संरक्षण एवं संवर्धन के उद्देश्य से राष्ट्रीय एवं प्रादेशिक स्तर के लब्ध प्रतिष्ठित कलाकारों एवं उदीयमान प्रतिभाओं के सहयोग से विविध प्रकार के कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है। लोक कलाकारों को संस्कृति विभाग से जोड़ने के उद्देश्य से संस्कृति विभाग द्वारा अपनी वेबसाइट पर ई-डायरेक्ट्री लांच की गयी है। लोक कलाकार संस्कृति विभाग की वेबसाइट अथवा लिंक पर अपना पंजीकरण करा सकते है। संस्कृति विभाग द्वारा अपने सांस्कृतिक आयोजनों में उक्त डायरेक्ट्री में पंजीकृत कलाकारों को कार्यक्रम प्रदान किये जाने में प्राथमिकता प्रदान की जाती है। अतः लोक कलाकार उक्त ई-डायरेक्ट्री में स्वंय को पंजीकृत कराकर संस्कृति विभाग, उत्तरप्रदेश की योजनाओं से लाभान्वित होने के साथ ही सामान्यजन के समक्ष अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करने का अवसर प्राप्त कर सकते है।

## गंगा किनारे चली गोली पूर्व प्रधान घायल

### दर्जनों राउंड फायरिंग से दहल उठा गंगा तीर इलाका

**चरवा कौशांबी।** पूरामुफ्ती थाना क्षेत्र के उजिहनी खालसा गांव में शनिवार को पुरानी रंजिश को लेकर दो पक्षों में चली ताबड़तोड़ गोलियां कहासुनी के बाद गोलियां चली गोली लगने से पूर्व प्रधान घायल हो गए ताबड़तोड़ गोलियों से इलाका दहल गया पूरा गंगा तीर इलाका सूचना मिलने के बाद पूरा मुफ्ती पुलिस पहुंची मौके पर जांच शुरू कर दी। पूरा मुफ्ती थाना क्षेत्र के उजीहनी खालसा गांव में पुरानी रंजिश को लेकर धनंजय और सनधारी के बीच एक मामले को लेकर पुरानी रंजिश चली आ रही है कई बार दोनों पक्षों के बीच विवाद हो चुका है आरोप लगते रहे की पुरानी विवाद को लेकर एक दूसरे पर कार्यवाही होती रही इसलिए दोनों पक्षों के बीच तनाव कम होने के बावजूद बढ़ता रहा इसलिए शनिवार की शाम मामूली विवाद को लेकर दोनों पक्ष आमने-सामने आ गए एक महिला से गाली गलौज को लेकर दोनों पक्ष असलहे से लैस होकर आमने-सामने आ गए पहले धमकियों का दौर शुरू हुआ फिर अचानक ताबड़तोड़ फायरिंग शुरू हो गई इसके बीच पूर्व प्रधान भैयालाल बाइक को लेकर घर से निकले अचानक उनको गोली लग गई पूर्व प्रधान के दाहिने हाथ में गोली लगी पूर्व प्रधान को गोली लगने से गांव में अफरा-तफरी का माहौल हो गया लोग घरों के अंदर घुस गए हैं इसी बीच ताबड़तोड़ फायरिंग होती रही सूचना मिलते ही चायल सीओ श्याम कांत कई थानों की फोर्स लेकर उजीहनि खालसा ग्राम पहुंचे पूर्व प्रधान को अस्पताल में भर्ती कराया गया पुलिस प्रशासन ने पूरे मामले की जांच शुरू कर दी एसपी अभिनंदन सिंह ने बताया कि पुलिस प्रशासन कार्रवाई कर रही है सभी आरोपी की गिरफ्तारी होगी।

## राजस्व संग्रह अमीन संघ के चुनाव में आशुतोष सिंह बने अध्यक्ष

**प्रतापगढ़।** स्थानीय तहसील सभागार में रविवार को राजस्व संग्रह अमीन संघ का जनपदीय अधिवेशन संपन्न हुआ। अधिवेशन के दौरान संग्रह अमीन संघ की जिला इकाई की कार्यकारिणी का भी निर्वाचन किया गया। इसके तहत लालगंज तहसील के आशुतोष कुमार सिंह जिलाध्यक्ष तथा कुंडा तहसील के सौरभ रावत को वरिष्ठ उपाध्यक्ष एवं सदर तहसील के सुरेश कुमार शर्मा को उपाध्यक्ष निर्वाचित किया गया। चुनाव परिवेक्षक संरक्षक रामसमुझ तिवारी ने चुनाव परिणामों की घोषणा की। चुनाव के दौरान राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के डॉ. हीरालाल पुष्कर चुनाव अधिकारी तथा तहसील कुंडा के राजस्व निरीक्षक राजकुमार सरोज सहायक निर्वाचन अधिकारी के रूप में चुनाव प्रक्रिया की देखरेख करते दिखे। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि नायब तहसीलदार आकांक्षा मिश्रा ने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों से कार्य संस्कृति की मजबूती में समर्पित होने का आह्वान किया। विशिष्ट अतिथि राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के अध्यक्ष करूणेश प्रताप सिंह मुन्ना रहे। इस मौके पर लेखपाल संघ के अध्यक्ष रामचंद्र त्रिपाठी ने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का स्वागत किया। अधिवेशन में अमीनो की विभिन्न समस्याओं तथा शासन स्तर पर लंबित मांगों पर भी विचार विमर्श किया गया।

### सीढ़ी से गिरकर घायल वृद्ध ने दम तोड़ा

**प्रतापगढ़।** बाघराय थाना क्षेत्र के सिवनी का पुरवा निवासी रामलाल (65) हफ्तेभर पूर्व अपने घर की सीढ़ी से गिर गया था। उसे गंभीर चोटें आई थी। परिजन उसे इलाज के लिए प्रयागराज ले गए थे। वहां शनिवार रात इलाज के दौरान उसने दम तोड़ दिया।

## 99 वें जयन्ती समारोह के परिप्रेक्ष्य में आयोजित हुआ कार्यक्रम

### समाज के लिए प्रेरणा स्त्रोत रहे पूज्य पण्डित जी : रत्ना



मनाई गई पं. सूर्यबली पाण्डेय की जयंती का दीप जलाकर शुभारम्भ करती राजकुमारी रत्ना सिंह व शिव प्रकाश सेनानी

**प्रतापगढ़।** लालगंज तहसील क्षेत्र के सेनानी ग्रामसभा देवली के परसन पान्डेय के पुरवा मे सर्वोदय सद्भावना संस्थान के तत्वावधान मे स्व.पं. सूर्यबली पान्डेय का जयन्ती समारोह को सद्भावना दिवस के रुप मनाया गया जिसमें राधा - कृष्ण की मनोहारी झांकी के साथ - साथ विविध सांस्कृतिक आयोजित किए गए ।समारोह मे बतौर मुख्य अतिथि के रुप मे पहुचीं पूर्व सांसद राजकुमारी रत्ना सिंह के साथ ही क्षेत्र के बहुत से गणमान्य लोग। मुख्य अतिथि ने स्व.पं.सूर्यबली के छाया चित्र पर पुष्प अर्पित करने के साथ ही दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का किया शुरूआत । इसके पश्चात मुख्य अतिथि राजकुमारी रत्ना सिंह ने कहा कि ग्रामीणांचल मे ऐसे आयोजन व पूज्य पिता जी के स्मृति मे जयन्ती समारोह का आयोजन करना निश्चित तौर पर संस्कारवान एंव गुणवान पुत्र द्वारा पिता के प्रति स्नेह को दशार्ता है, स्वतन्त्रता संग्राम सेनानी के रुप मे आपने समाज व देश के लिए जो कुछ किया है वह अविस्मरणीय है जिसे कभी भुलाया नही जा सकता ।बात के अन्त मे उन्होने कहा कि हम व हमारा परिवार सदैव समाज हित मे कार्य करता रहा और करता रहेगा ,मै जिस भी लायक हूं समाज के प्रति समर्पित हूं । कार्यक्रम मे बतौर विशिष्ट अतिथि के रुप मे शिरकत करने पहुचे क्षेत्रीय विधायक डा. आर के वर्मा, शिव प्रकाश सेनानी, संतोष दुबे सहित क्षेत्र के कई संभ्रात एंव गणमान्य लोगों ने अपने विचार रखते हुए विकास कार्यों पर चर्चा किया। तत्पश्चात कार्यक्रम के आयोजक एंव सर्वोदय सद्भावना संस्थान के अध्यक्ष ओम प्रकाश पान्डेय ( अनिरुद्ध रामानुजदास ) ने कार्यक्रम के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए बताया कि सरयू परीय गार्गय गोत्र गोरे गांव की इटिया पान्डेय परिवार का अपना एक अलग ही इतिहास है । उन्होने बताया कि भारत को आजाद कराने व अंग्रेजों के विरुद्ध मोर्चा खोला था साथ ही सत्याग्रह आन्दोलन मे जेल भी गए थे । आए हुए अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए सभी के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया। इस दौरान क्षेत्र के जयसिंह, शिव प्रताप सेनानी, रामसिंह, प्रधानाचार्य सुरेश सिंह, उपेन्द्र पान्डेय, समाजसेवी गोविन्द पान्डेय, नवाब भाई प्रधान, शिक्षक रामसिंह के साथ ही स्थानीय लोग भी मौजूद रहे जिन्होंने शासनादेश एंव स्वास्थ्य विभाग द्वारा जारी दिशा निर्देश का पालन करते हुए कार्यक्रम मे पहुंचकर कार्यक्रम के उद्देश्यों एंव मुख्यातिथों के विचारों को सुना ।

## दुर्घटना में युवक की मौत पर गैरइरादतन हत्या का केस

**प्रतापगढ़।** दुर्घटना में युवक की मौत पर कोतवाली पुलिस ने वाहन चालक के खिलाफ गैर इरादतन हत्या व लापरवाही पूर्वक वाहन चलाने का केस दर्ज किया है। कोतवाली के अमांवा के दौलत का पुरवा के समीप शनिवार की देर शाम कार की टक्कर में बाइक सवार युवक की मौत हो गई थी। घटना को लेकर मृतक सतीश पांडेय के पिता अशोक पांडेय ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि उसका पुत्र सतीश शनिवार की शाम कुछ कार्य से लालगंज जा रहा था। दौलत का पुरवा के समीप सड़क के किनारे अपने किसी मित्र के इंतजार में बाइक साइड पर लगाकर खड़ा था। तभी लालगंज की तरफ से आ रही एक कार ने उसे टक्कर मार दी। गम्भीर रूप से घायल सतीश को एंबुलेंस सेवा 102 से लालगंज अस्पताल ले जाया गया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। शनिवार को मृतक सतीश का पुलिस ने जिला अस्पताल में पीएम कराया। इधर सतीश की मौत पर परिजनों में कोहराम मचा दिखा।

### ट्रैक्टर से टकराई कार बाल-बाल बचे

**प्रतापगढ़।**अनियंत्रित कार सामने से आ रहे ट्रैक्टर से टकरा गई। हादसे में दोनों वाहन क्षतिग्रस्त हो गए। हालांकि कार में बैठे लोग बाल-बाल बच गए। दोनों वाहन चालकों को मामूली चोटें आई।जलालपुर निवासी अवधेश पांडेय शनिवार रात करीब नौ बजे कार से पट्टी जा रहे थे। इस दौरान रानीगंज-पट्टी रोड पर गड़ौरी खुर्द के पास कार अनियंत्रित होकर सामने से आ रहे ट्रैक्टर से टकरा गई। हादसे के बाद जुटे लोगों ने कार सवार लोगों को बाहर निकाल कर मामूली रूप से घायल अवधेश पांडेय व ट्रैक्टर चालक मेवालाल का स्थानीय चिकित्सक से उपचार कराया।

## प्रतापगढ़ को विकास प्राधिकरण बनाने की कवायद तेज

**प्रतापगढ़।** शासन ने जिले को विकास प्राधिकरण बनाने के प्रस्ताव पर कवायद तेज कर दी है। जिला प्रशासन को पत्र भेजकर अन्य जरूरी अभिलेख मांगे गए। जिला प्रशासन ने उसे पूरा करते हुए फिर से शासन को भेजा है।नगर पालिका क्षेत्र, आसपास के इलाके और टाउन एरिया कटरा मेदनीगंज व सिटी को शामिल करते हुए जिले को विकास प्राधिकरण बनाने का प्रस्ताव पूर्व डीएम मार्कण्डेय शाही ने शासन को भेजा था। कुछ खामियां होने की दशा में शासन ने प्रस्ताव जिला प्रशासन को वापस करते हुए उसे दुरुस्त करने को कहा था। जिला प्रशासन ने प्रस्ताव की खामियां दुरुस्त करते हुए रिपोर्ट शासन को भेज दी। इस बाबत विनियमित क्षेत्र के अवर अभियंता संजीव कुमार शुक्ल ने बताया कि जिला मुख्यालय को विकास प्राधिकरण बनाने का प्रस्ताव शासन में कई माह से लंबित है। इस बीच शासन ने प्रस्ताव से संबंधित कुछ और अभिलेख मांगे थे। उसे पूरा कर प्रस्ताव फिर से शासन को भेज दिया गया।

## कवयित्री से अभिनेत्री बनी बेल्हा की लाडली ज्योति त्रिपाठी

### सम्मान में सरस गोष्ठी का हुआ आयोजन




सम्मान समारोह में आयोजित काव्य गोष्ठी का आयोजन।

**प्रतापगढ़।** कवयित्री से अभिनेत्री बनी बेल्हा की लाडली ज्योति त्रिपाठी के सम्मान में एक सरस गोष्ठी का आयोजन गीतकार संगीतकार गजेंद्र सिंह विकट के आवास पर सदर बाजार में किया गया । कार्यक्रम की अध्यक्षता इंजीनियर चंद्र त्रिपाठी चंद्र ने की । मुख्य अतिथि के रूप में अनिल प्रताप त्रिपाठी प्रवात तथा विशिष्ट अतिथि डॉ हरकेश बहादुर सिंह एवं श्याम शंकर द्विवेदी रहे। कार्यक्रम का संचालन प्रेम कुमार त्रिपाठी ने की। वाणी वंदना शेष नारायण दुबे राही ने की। मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण के बाद कार्यक्रम देर रात तक चलता रहा इस अवसर पर अनिल त्रिपाठी ने बधाई देते हुए कहा कि बिटिया का नाम पूरे विश्व में रोशन हो उसकी भूताहा फिल्म हिट ही नहीं बल्कि सुपरहिट हो तथा सारे रिकॉर्ड कायम करें। उन्होंने काव्य मंची पंक्तियों में कहा कि ज्योति बिटिया की ज्योति जगमगाए पूरे संसार में, अभिनय की कला का यशगान करें पूरा संसार। अध्यक्ष इंजीनियर चंद्रकांत त्रिपाठी चंद्र ने बॉलीवुड में प्रतापगढ़ का नाम दर्ज कराने के लिए बधाई दी। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथिगण में डॉक्टर हरकेश बहादुर सिंह एवं श्याम शंकर दिवेदी ने कहा कि माता-पिता को ऐसी बेटी पर गर्व है। संयोजक अखिल नारायण सिंह ने कहा कि ज्योति संपूर्ण विश्व को आलोकित करेगी। विनय शुक्ला में भुतहा फिल्म का टेलर के कुछ इस प्रकार पढा देखकर भुतहा टेलर लगने लगा है भय हे कला की पुजारिन तुम्हारी हो जय। सचिन मिश्र ने पढ़ा मन में मंदिर बनाओ इक मां-बाप का, लेके आशीष उनका निखर जाइए। आयोजक गजेंद्र सिंह विकट ने बेटियों के हवाले से पढ़ा नाम तो रोशन करेगी बेटियां भी इन्हें भी संभाल कर तो देखिए । शेष नारायण दुबे राही ने पढ़ा जब जिंदगी के सफर याद आए मोहब्बत में गुजरे सहर याद आए ।संचालन कर रहे साहित्यकार प्रेम कुमार त्रिपाठी ने ज्योति को संघर्ष का पर्याय बताते हुए पढ़ा पन्ना पलट कर देखो महान लोगों का, काटो बिना जीवन गुलाब नहीं है। इस अवसर पर वंशराज यादव ,सुशील कुमार श्रीवास्तव, हेम सिंह आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम के अंत में माया त्रिपाठी माया ने आभार व्यक्त किया।

## किशोरी बरामद दोनों आरोपित गिरफ्तार

**कुंडा, प्रतापगढ़।** एक किशोरी को भगा ले जाने के आरोप में पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर उसे बरामद कर लिया है। दोनों आरोपित भी पकड़ लिए गए हैं।कुंडा थाना क्षेत्र के बानेमऊ के एक दंपती ने बताया कि उसकी नाबालिग बेटी शनिवार को घर में अकेली थी। इस बीच बाइक से दो युवक आए और उसे फुसलाकर अपने साथ ले गए। पुलिस ने मां की तहरीर पर शहाबपुर निवासी गोरे गौतम व एक अन्य के खिलाफ अपहरण व पास्को एक्ट समेत विभिन्न धाराओं में एफआईआर पंजीकृत कर छानबीन शुरू कर दी। इसी बीच मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने दोनों आरोपितों को मनगढ़ के पास गिरफ्तार कर दिया। कुंडा थाना प्रभारी डीपी सिंह का कहना है कि किशोरी को बरामद कर मेडिकल परीक्षण के लिए भेजा गया है।

## राक्षसों के वध एंव संसार के रक्षा हेतु मर्यादा पुरुषोत्तम ने लिया अवतार



रामलीला मंचन का दृश्य

**प्रतापगढ़।** स्वर संगम रामलीला समिति बरहुआ भोजपुर के तत्वावधान में चल रही रामलीला के दूसरे दिन डा.श्याम सिंह द्वारा भगवान विष्णु की आरती कर रामलीला का शुरूवात किया गया । दूसरे दिन के प्रमुख दृश्यो मे दशरथ कौशल्या संवाद, वशिष्ठ गुरु आश्रम हेतु प्रस्थान, वशिष्ठ आगमन, पुत्रेष्टियज्ञ की व्यवस्था, वशिष्ठ द्वारा श्रृंगीऋषि को बुलाना, पुत्रेष्टियज्ञ सम्पन्न कराना, कौशल्या कैकेयी सुमित्रा को फल देना, दशरथ दरबार, चारो पुत्रों का जन्म, दशरथ वशिष्ठ द्वारा नामकरण संस्कार व यज्ञोपवीत संस्कार एंव रावण अत्याचार आदि प्रमुख दृश्य दिखाये गये । रावण का किरदार डा. रामसिंह, दशरथ के रुप मे विजय तिवारी, कौशल्या रामभवन, कैकेयी गोली, सुमित्रा नीरज प्रजापति, सुमंत रमेश पटेल, श्रृंगीऋषि मुन्ना तिवारी, वशिष्ठ राम जीवन पटेल आदि कलाकारों के अभिनय ने दर्शकों को मंच से जोड़े रखा जिसे उपस्थित जनमानस ने खूब सराहा । सोशल डिस्टेन्सिंग एंव स्वास्थ्य विभाग जारी दिशा निदेर्शों का ख्याल रखते हुए तथा सरकार के शासनादेश को ध्यान मे रखते हुए रामलीला मंच के संयोजक डा. श्याम सिंह, ननकू तिवारी, मेघनाद यादव, सरबजीत, ननकू तिवारी, सनी सिंह, शिवपूजन, त्रिभुवन सरोज, हास्य कलाकार शिवप्रसाद विश्वकर्मा, पप्पू सरोज, भारतलाल, राहुल प्रजापति, अंजेश कनौजिया सहित क्षेत्र बहुत से गणमान्य एंव संभ्रान्त लोग मौजूद रहे जिन्होने रामलीला मे मयार्दा पुरुषोत्तम के चरित्रों को अपने अभिनय के द्वारा मंच पर प्रस्तुत कर रहे कलाकारों की सराहना करते हुए उत्साह वर्धन भी किया ।

### गैंगरेप का इनामी मुख्य आरोपित गिरफ्तार

**प्रतापगढ़।** बंधक बनाकर सामूहिक दुष्कर्म के मामले में फरार चल रहे इनामी मुख्य आरोपित को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया।हथिगवां थाना क्षेत्र के पूरेजीत उसरा निवासी एक महिला का सालभर पहले पांच लोगों ने अपहरण कर लिया था। आरोपित उसे दिल्ली लेकर गए। उसके साथ सामूहिक दुष्कर्म किया। महिला के पति की तहरीर पर पुलिस ने एफआईआर दर्ज की थी। तीन आरोपित गिरफ्तार कर लिए गए थे। एक आरोपित ने कोर्ट में सरेंडर कर दिया था। घटना का मुख्य आरोपित प्रमोद सिंह पुलिस की गिरफ्त से बाहर था। उस पर तत्कालीन एसपी ने 25 हजार रुपये का इनाम घोषित किया था। रविवार सुबह हथिगवां पुलिस को सूचना मिली कि प्रमोद प्रयागराज-लखनऊ हाईवे पर फूलमती धाम के पास खड़ा है। एसओ उदय त्रिपाठी पुलिस टीम के साथ सुबह करीब नौ बजे मौके पर पहुंचे। घेराबंदी कर प्रमोद को गिरफ्तार कर लिया।

## कोरोना वारियर्स को किया गया सम्मानित

### अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद प्रतापगढ़ के कार्यकताओं द्वारा दिया गया सम्मान

**प्रतापगढ़।** रविवार को अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद प्रतापगढ़ के छात्र छात्राओं के द्वारा कोरोना जैसी विश्वव्यापी एवं भयंकर महामारी जिसमें लाखों लोग अनायास ही काल के गाल में समा चुके हैं,और जिसका इलाज आज तक संभव नहीं हो पाया और दिन प्रतिदिन इससे प्रभावित होने वाले एवं मरने वाले लोगों का विश्व में आंकड़ा बढ़ता ही जा रहा है, ऐसी विषम परिस्थिति में भी हम सब देशवासियों के लिए कोरोनावायरस के सामने ढाल बनकर खड़े रहे हमारे सफाई कर्मचारी हमारे डॉक्टर एवं हमारे रक्षा क्षेत्र के पुलिस बल इत्यादि ऐसे कोरोना वारियर्स को आज अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद प्रतापगढ़ ने सम्मानित किया वास्तव में कोरोना महामारी से लड़ने में इन लोगों का योगदान अतुलनीय है ।आज के इस कार्यक्रम में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद प्रतापगढ़ के द्वारा सफाई के क्षेत्र से जुड़े एवं चिकित्सा क्षेत्र से जुड़े तथा उत्तर प्रदेश पुलिस से जुड़े लोगों को सम्मान पत्र एवं पेड़ एवं अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया इस मौके पर चिकित्सा क्षेत्र के डॉक्टर राजीव जी एवं अन्य स्टाफ तथा पुलिस के क्षेत्र से सीओ सिटी श्री अभय पांडेय जी तथा सफाई के क्षेत्र से नगर पालिका प्रतापगढ़ के सफाई कर्मचारी उपस्थित रहे उक्त कार्यक्रम के माध्यम से अभाविप प्रतापगढ़ ने संदेश दिया कि अभी कोरोना गया नहीं है हमें सोशल डिस्टेंसिंग व मॉस्क सैनिटाइजर का प्रयोग लगातार करना है तथा छात्रा बहनों के द्वारा रंगोली बनाकर रंगोली में लिखा गया की अपनी भूमिका देश के लिए निभाए कृपया उचित दूरी बनाए ऐसा संदेश अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद प्रतापगढ़ के द्वारा आम जनमानस को दिया गया इस कार्यक्रम में सभी लोग उचित दूरी बनाकर वह मास्क लगाकर आम जनमानस को कोरोना से बचने का रास्ता बताया ।